City24News

शहर आपका, खबर आपकी

ऑनलाइन हिन्दी डिजिटल ई-पेपर | वर्ष 2, अंक 11 पेज 8 | वीरवार 11 जनवरी, 2024 | संपर्कः 9818180269

www.city24news.in ! youtube@city24media ! facebook@www.city24news.in ! twitter@city24media

अर्जुन अवार्डी खिलाड़ियों को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

गांव स्तर पर खेल आधारभूत ढांचा किया जाएगा मजबूत : मनोहर लाल

सीएम ने खेलों को बढ़ावा देने के लिए खिलाड़ियों से मांगे सुझाव

खिलाड़ी बोले, हरियाणा की खेल नीति से प्रोत्साहित युवा देख रहा खेलों में भविष्य

सिटी 24 न्यूज

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अर्जुन अवार्ड से पुरस्कृत प्रदेश के खिलाड़ियों को सम्मानित किया। नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में अर्जुन अवार्डी खिलाड़ी व कोच मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मुलाकात करने आए थे। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2023 के तहत अर्जुन अवार्ड से सम्मानित सुनील कुमार (कुश्ती), अंतिम पंघाल (कुश्ती) व दीक्षा डागर (गोल्फ) को बधाई दी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इन खिलाड़ियों से सुझाव मांगे कि किस प्रकार से हरियाणा में खेलों को और बढ़ावा दिया जा सकता है। इस पर खिलाड़ियों ने हरियाणा की खेल नीति की प्रशंसा करते हुए कहा कि खेल नीति से खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा है और युवा वर्ग व बच्चे इस खेल नीति से प्रभावित होकर खेलों की ओर आकर्षित हुए हैं। प्रदेश के गांवों में युवा अब खेलों में भविष्य बनाने के लिए अभ्यास कर रहे हैं।

मेडल विजेताओं को सबसे अधिक कैश अवार्ड दे रहा हरियाणा

मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों से विचार सांझा करते हुए कहा कि देश में मेडल विजेताओं को सबसे अधिक कैश अवार्ड हरियाणा में दिए जा रहे है। खिलाड़ी प्रदेश में खेलों की बेहतरी के लिए जो भी अच्छे सुझाव देंगे, उन्हें सरकार लागू करेगी। श्री मनोहर लाल ने कहा कि हमें उस समय दिल से खुशी होती है, जब हरियाणा के खिलाड़ी विदेश की धरती पर मेडल जीतकर तिरंगा फहराते है। तिरंगा फहराने के साथ जब राष्ट्रगान बजता है तो वह हम सभी भारतवासियों के लिए गर्व का क्षण होता है। उन्होंने कहा कि हालांकि आबादी के हिसाब से हरियाणा छोटा राज्य है, इसके बावजूद ओलमपिक से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक हरियाणा सबसे अधिक पदक हासिल करने वाला प्रदेश है। हरियाणा की खेल नीति खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका दे रही है और उन्हें उम्मीद है कि भविष्य में इसके और अच्छे परिणाम आएगें।

खिलाड़ियों से चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने बताया कि जिला खेल अधिकारियों के माध्यम से गांवों में खेल के सामान की आवश्यकता के बारे में जानकारी मांगी गई है। वहां से डिमांड आने के बाद ग्राम पंचायतों के माध्यम से खेलों का सामान उपलब्ध करवा दिया जाएगा। हरियाणा में अब गांव-गांव तक खेल आधारभूत ढांचा विकसित किया जाएगा, ताकि युवाओं की खेल प्रतिभाओं को बचपन से तराशा जा सके। लोकप्रिय खेलों में युवाओं को प्रशिक्षित करने के लिए स्पेशलाइज्ड हाई पावर परफॉर्मेंस सेंटर खोलने की रूपरेखा भी तैयार की जा रही हैं।

खिलाड़ी बोले- हरियाणा की खेल नीति देश में श्रेष्ठ

इस मौके पर मुख्यमंत्री से मिलने आए अर्जुन अवार्डी सुनील कुमार व अंतिम पंघाल ने कहा कि हरियाणा की खेल नीति से खेलों को बढ़ावा मिला है, विशेषकर कुश्ती में हरियाणा ने अलग मुकाम हासिल किया है। प्रतियोगिता चाहे कोई भी हो, हरियाणा के पहलवान पदक लेकर लौट रहे हैं। खिलाड़ियों के दल के साथ आए पूर्व में अर्जुन अवार्ड से सम्मानित रहे योगेश्वर दत्त ने कहा कि खेलों की दृष्टि से हरियाणा समृद्ध राज्य है। कुश्ती को प्रदेश में और अधिक बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री के समझ सुझाव भी दिए गए है। प्रदेश में 2008 के बाद कुश्ती ऊंचाइयों पर पहुंची है। मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल खेलों को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है। मुलाकात के दौरान आज भी मुख्यमंत्री ने सुझाव मांगे थे। मुख्यमंत्री का नजरिया गांव स्तर से होनहार खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका देने का है।

इस मौके पर मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार राजीव जेटली, खेल विभाग के उप-निदेशक गिर्राज सिंह, अर्जुन अवार्डी कोच रोहताश दहिया, द्रोणाचार्य अवार्डी कोच महावीर सिंह, अर्जुन अवार्डी सुनील कुमार, कॉमनवेल्थ गेम्स के स्वर्ण पदक विजेता अनिल कुमार, ध्यानचंद अवार्डी कुलदीप मलिक, ओलंपिक रेफरी अशोक कुमार, अर्जुन अवार्डी अंशुल मलिक, अर्जुन अवार्डी सरिता मोर, अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी रीतिका, श्वेता व विशाल कालीरमन मौजूद रहे।

15 जनवरी को हरियाणा में लॉन्च होगा 'घर-घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस' अभियान

चुनावी मोड में काम कर रही कांग्रेस, रैलियां व वन-टू-वन संवाद चलेगा साथ-साथ- दीपक बाबरिया

कांग्रेस की रैलियों में उमड़ रही है रिकॉर्डतोड़ भीड़, हरियाणा में कांग्रेस की हवा- हुड्डा

लोकसभा चुनाव के लिए वॉर रूम और बूथ कमेटियां होंगी तैयार, कांग्रेस के रंग में रंगा नजर आएगा पूरा हरियाणा- चौ. उदयभान

सत्ता में होने के बावजूद बीजेपी-जेजेपी छोड़ रहे नेता, विपक्ष में होने के बावजूद कांग्रेस में हो रही ताबड़तोड़ जॉइनिंग- दीपेंद्र हुड्डा

सिटी 24 न्यूज

चंडीगढ़। हरियाणा में 15 जनवरी से 'घर-घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस' अभियान की शुरुआत होने जा रही है। इसका मकसद हर घर और हर वोटर तक कांग्रेस की नीतियों और सरकार की नाकामियों को पहुंचना है। आज चंडीगढ़ स्थित कांग्रेस भवन में पार्टी की प्रदेश स्तरीय बैठक में यह फैसला लिया गया। इसकी अध्यक्षता पार्टी प्रभारी दीपक बाबरिया ने की। पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान, राज्यसभा सदस्य दीपेंद्र हुड्डा, पार्टी विधायक, पूर्व विधायक, वरिष्ठ नेता और कांग्रेस वॉलिंटियर्स बैठक में शामिल हुए।

दीपक बाबरिया ने बताया कि हरियाणा कांग्रेस लगातार चुनावी मोड में कार्य कर रही है। 14 तारीख से राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' शुरू होने जा रही है। इसे भी 'भारत जोड़ो यात्रा' की तरह ऐतिहासिक समर्थन मिलने की उम्मीद है। ठीक इसके अगले दिन हरियाणा कांग्रेस की तरफ से नए अभियान की शुरुआत कर दी जाएगी। इससे पहले लगातार पार्टी द्वारा जन आक्रोश रैलियां हो रही हैं, जिनको जनता का जबरदस्त समर्थन मिल रहा है। अब 'हर घर कांग्रेस' अभियान के जरिए वोटर्स से वन टू वन संवाद स्थापित किया जाएगा। कार्यकर्ता जनता को बताएंगे कि कैसे कांग्रेस अपने वादे निभाने के लिए जानी जाती है जबकि बीजेपी वादे तोड़ने के लिए। राजस्थान में 500 सिलेंडर की घोषणा से बीजेपी मुकर गई है। आज हरियाणा समेत पूरे देश में महंगाई और असमानता का माहौल है। हरियाणा के युवा देश से पलायन करने को मजबूर हैं। बीजेपी-जेजेपी ने हरियाणा में बेरोजगारी और भ्रष्टाचार ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं।

इस मौके पर भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि प्रत्यक्ष को प्रमाण की आवश्यकता नहीं है। हरियाणा में कांग्रेस की हवा स्पष्ट महसूस की जा सकती है। राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान मेवात और पानीपत में कांग्रेस ने रिकॉर्ड तोड़ रैलियां की। हाल ही में सिरसा में की 'किसान मजदूर जन आक्रोश रैली' ने भीड़ के मामले में तमाम रैलियों को पीछे छोड़ दिया। जनता के सामने बीजेपी-जेजेपी की कारगुजारियां उजागर हो चुकी हैं। कांग्रेस ने हरियाणा को प्रति व्यक्ति आय, निवेश, रोजगार देने, कानून व्यवस्था, विकास और खुशहाली में नंबर वन बनाया था, लेकिन मौजूदा सरकार ने बेरोजगारी, महंगाई, अपराध, नशे, भ्रष्टाचार और अत्याचार में प्रदेश को नंबर बना दिया। इसीलिए जनता का रुझान कांग्रेस की तरफ है। प्रदेश में कांग्रेस का जनाधार लगातार विस्तार ले रहा है। निर्मल सिंह और चित्रा सरवारा जैसे नेताओं के कांग्रेस में लगातार शामिल होने से पार्टी मजबूत हो रही है। जींद से वो खुद, नारनौल में चौधरी उदयभान और रोहतक से दीपेंद्र हुड्डा 'घर-घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस' अभियान की शुरुआत करेंगे। चौधरी उदयभान ने बताया कि नए अभियान के तहत बूथ लेवल पर 31-31 लोगों की कमेटी बनेगी। इस कमेटी की जिम्मेदारी बोगस वोटो को कटवाना, लोगों की समस्याओं को जानना और उनको सोशल मीडिया के जरिए कांग्रेस से जोड़ना होगी। पार्टी की तरफ से दिल्ली और चंडीगढ़ में वार रूम बनाए जाएंगे। दिल्ली वार रूम का चेयरमैन जयदीप धनखड़ को, को-चेयरमैन अमित यादव , अजय छिकारा जी को बनाया गया है। वहीं चंडीगढ़ वार रूम के को चेयरमैन चांदवीर हुड्डा, रविंद्र रावल और पवन जैन को बनाया गया है। इसके अंतर्गत 30 कोऑर्डिनेटर नियुक्त किए जाएंगे, जो सभी 10 लोकसभा क्षेत्रों विभिन्न जिम्मेदारियों को निभाएंगे। आने वाले दिनों में पूरा प्रदेश कांग्रेस के रंग में रंगा नजर आएगा।

दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि सत्ता में होने के बावजूद भाजपा-जेजेपी के नेता पार्टी छोड़ रहे हैं और विपक्ष में होने के बावजूद लगातार कांग्रेस में ताबड़तोड़ जॉइनिंग हो रही हैं। अब तक अन्य दलों से 37 पूर्व मंत्री विधायक और पूर्व विधायक कांग्रेस में शामिल हो चुके हैं। यह पार्टी की सक्रियता का नतीजा है क्योंकि पिछले साढ़े चार साल में कांग्रेस ने एक मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाई है। प्रत्येक वर्ग के संघर्ष में कांग्रेस साथ खड़ी नजर आई है। हरियाणा ने हमेशा इतिहास रचा है। चाहे किसान हो या पहलवान, हरियाणवियों के संघर्ष के आगे हमेशा सरकार को झुकना पड़ा।

गृह मंत्री अनिल विज ने पड़ाव थाना एसएचओ को लगाई फटकार, बोले-

'किसी को गुंडागर्दी करने नहीं दूंगा, जमीन को कब्जामुक्त करवाओ'

जमीनी पर कब्जे को लेकर परिवार ने गृह मंत्री अनिल विज से लगाई थी गुहार

गृह मंत्री अनिल विज ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों की समस्याओं को सुना

सिटी 24 न्यूज

चंडीगढ़। हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री अनिल विज ने अम्बाला छावनी के मच्छौंडा में जमीनी कब्जे के मामले में आज पड़ाव थाना एसएचओ को फटकार लगाते हुए कहा कि मैं किसी को गुंडागर्दी करने नहीं दूंगा, जमीन को तुरंत कब्जामुक्त करवाओ और कड़ी कार्रवाई करो।

श्री विज बुधवार को अपने आवास पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों की समस्याओं को सुन रहे थे। मच्छौंडा में जमीन पर कब्जे को लेकर परिवार ने गृह मंत्री अनिल विज से शिकायत की। उनका आरोप था कि गुंडा प्रवृतति के लोगों द्वारा जबरन उनकी जमीन पर कब्जा कर अपना हक जताया जा रहा है जबकि सभी कागजात उनके पक्ष में हैं। मामले को लेकर खफा हुए गृह मंत्री ने पड़ाव एसएचओ को फोन पर फटकार लगाते हुए मामले में तत्पर कार्रवाई के निर्देश दिए।

बल्लभगढ़ से आए दंपतति से गृह मंत्री अनिल विज को बेटी के साथ दुराचार मामले में आरोपी के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने की शिकायत दी जिसपर मंत्री विज ने फरीदाबाद पुलिस कमिश्नर को मामले में पुन: जांच के निर्देश दिए। इसी तरह भिवानी के रोहनात गांव से आई महिला ने अपनी मासियों पर उनकी मां की खेती की जमीन पर कब्जे का आरोप लगाया। महिला ने कहा कि गत दिनों वह जबरन उनके खेतों से फसल भी आरोपियों द्वारा काट ली गई, इस मामले में पुलिस को शिकायत दी गई थी, मगर अब तक कार्रवाई नहीं हुई। गृह मंत्री ने एसपी भिवानी को मामले में पुन: जांच के निर्देश दिए।

पलवल से आए फरियादी ने बेटे की हत्या मामले में सही जांच नहीं होने का आरोप लगाया जिसपर गृह मंत्री ने डीएसपी रैंक के अधिकारी से मामले की जांच कराने के निर्देश दिए। नारायणगढ़ से आए दंपतति ने गृह मंत्री को बताया कि गांव की महिला द्वारा उनके खिलाफ झूठा मारपीट का केस दर्ज कराया गया है और महिला उनके अलावा ग्रामवासियों को भी तंग करती है। मंत्री विज ने एसपी अम्बाला को मामले में जांच के निर्देश दिए।

इन शिकायतों पर भी गृह मंत्री ने कार्रवाई के निर्देश दिए

साहा से महिला ने ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया जिसपर गृह मंत्री ने डीएसपी को कार्रवाई के निर्देश दिए। कुरुक्षेत्र निवासी महिला फरियादी ने 15 लाख रुपए के लोन के नाम पर धोखाधड़ी के आरोप लगाया। महिला ने बताया कि लोन दिलाने का झांसा देकर व्यक्ति ने उनसे हस्ताक्षर करवाए और अब 15 लाख का लोन उनके नाम पर है जबकि यह राशि उन्हें नहीं मिली। गृह मंत्री ने एसपी कुरुक्षेत्र को जांच के निर्देश दिए। इसके अलावा अन्य समस्याओं पर गृह मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के दिशा-निर्देश दिए।

मलेरिया विभाग में कार्यरत कर्मियों को कौशल रोजगार निगम में शामिल करने के निर्देश दिए मंत्री अनिल विज ने

गृह मंत्री अनिल विज से मलेरिया विभाग में काम करने वाले स्टाफ ने उन्हें हरियाणा कौशल रोजगार निगम में शामिल करने की मांग की जिसपर गृह मंत्री ने मंजूरी देते हुए स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव को मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए।

गृह मंत्री को भगवान श्रीराम का चित्र भेंट किया

गृह मंत्री अनिल विज को आज अम्बालावासी राजेंद्र गोयल द्वारा भगवान श्रीराम जी का चित्र भेंट किया गया। चित्र मुंबई के चित्रकार द्वारा 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर बनाया गया था।

हरियाणा में पैक्स सेवाओं को फरवरी तक सुव्यवस्थित करने के लिए कंप्यूटरीकरण : सीएस

सिटी 24 न्यूज

चंडीगढ़। हरियाणा मुख्य सचिव श्री संजीव कौशल ने कहा कि राज्य में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस) को सशक्त बनाने के उद्देश्य से कई शुरुआत की जा रही है। पैक्स के माध्यम से बेहतर स्वास्थ्य देखभाल पहुंच, ईंधन उपलब्धता और समग्र सेवा वितरण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया हैं। आज यहां राज्य स्तरीय सहकारी विकास समितियों की दूसरी बैठक की अध्यक्षता करने के बाद उन्होंने कहा कि 84 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस) ने पीएम भारतीय जन औषधि केंद्रों का संचालन की सैद्धांतिक मंजूरी हासिल कर ली है। इसके अतिरिक्त, पेट्रोल और डीजल आउटलेट की स्थापना के लिए छह पैक्स को मंजूरी दी गई है। उन्होंने कहा कि राज्य में अब सभी पंचायतें पैक्स के दायरे में आ गई हैं।

स्वास्थ्य सेवा पहुंच को बढ़ावा देना

श्री कौशल ने कहा कि 7 पैक्स यमुनानगर में कैल और गुंडियाना, कुरूक्षेत्र में धुराला और उमरी, हिसार में बास कृष्णा, नारनौंद किसान और मतलोडा के लिए ड्रग लाइसेंस हासिल कर लिया है। इनमें ग्रामीण समुदायों को सस्ती दवाएं प्रदान करने के लिए पीएम भारतीय जन औषधि केंद्र खोले जाएगें।

ईंधन पहुंच सक्षम करना

श्री कौशल ने आगे कहा कि पेट्रोल और डीजल आउटलेट स्थापित करने के लिए 6 पैक्स अर्थात सिरसा में ओंढा, करनाल में सावंत, महेंद्रगढ़ में नांगल चौधरी भोजावास और सिरसा में जमाल पैक्स को मंजूरी दी गई है। यह पैक्स सदस्यों के लिए उद्यमशीलता के अवसर पैदा करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में आसानी से उपलब्ध ईंधन की आवश्यकता को पूरा करेगें। बसई, गुरुग्राम और घासेरा, नूंह में आउटलेट के लिए अतिरिक्त भूमि की पहचान की जा रही है।

सेवा वितरण बढ़ाना

उन्होंने कहा कि 417 पैक्स अब कॉमन सर्विस सेंटर की ऑन-बोर्ड हैं, जिनमें ग्रामीण निवासियों आवश्यक सेवाएं दी जा रही है। इसके अलावा अन्य पैक्स में इन सुविधाओं के लिए पंजीकरण किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को सेवा प्रावधान की सक्रियता से निगरानी करने का निर्देश दिये।

अनाज भंडारण परियोजना

सहकारी क्षेत्र में दुनिया के सबसे बड़े अनाज भंडारण के लिए पायलट प्रोजेक्ट पर कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा पंचकुला में 5 पैक्स गन्नौली, रायपुररानी, मोरनी, कक्कड़ माजरा और मानक टाबरा की पहचान की गई है। सहकारी क्षेत्र में अनाज भंडारण के लिए चरखी दादरी में कारी धारणी और नूहं में तावडू, घासेडा, फिरोजपुर झिरका, रावली और सिंगर का भी चयन किया गया है।

कम्प्यूटरीकरण पहल

पैक्स का कंप्यूटरीकरण कार्य जोरों पर है, इनका प्री-टेस्टिंग 29 फरवरी तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह पहल विभिन्न पैक्स गतिविधियों के लिए एक व्यापक ईआरपी समाधान प्रदान करेगी, जिसमें वित्तीय सेवाएं, खरीद, पीडीएस संचालन, व्यवसाय योजना, भंडारण आदि शामिल हैं। बैठक में सहकारिता विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री. राजा शेखर वुंडरू, रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां, श्री राजेश जोगपाल और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपसथित थे।

संकल्प यात्रा नगर परिषद के क्षेत्रों में रह रहे लोगों को भी पहुंचा रही है लाभ : जगदीश नायर

पात्र व्यक्तियों को योजनाओं से जोडने.का कर रही है कार्य

रथ यात्राओं में नारी शक्ति वाहिनी एनजीओ बाल विवाह निषेध की दिला रहा है शपथ

सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज

होडल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के हर नागरिक को सरकार की योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक करने के लक्ष्य को निर्धारित करके चलाई गई विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्रामीण आंचल के साथ-साथ नगर परिषद के वार्डों को भी कवर कर रही है। यह संकल्प यात्रा अब शहरी क्षेत्र में रह रहे लोगों को भी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ पात्रता पूर्ण पाए जाने पर उन्हें भी योजनाओं से जोडने.का कार्य कर रही है। यह वक्तव्य विधायक जगदीश नायर ने होडल नगर परिषद के वार्ड नंबर-,7,8,9में संकल्प यात्रा के स्वागत में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए। इस अवसर पर उनके साथ नगर परिषद होडल के अधिकारी भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि सोमवार से यह यात्रा नगर परिषद होडल के विभिन्न वार्डों को कवर करती हुई अगले वार्डों की ओर आगे बढ़ रही है। मोदी की गारंटी वाली इस गाडी का मकसद यही है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की लोक कल्याणकारी योजनाओं की शत प्रतिशत जानकारी प्रत्येक जन को मिले और हर एक पात्र व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे। विधायक जगदीश नायर ने कहा कि गांव व वार्डों में मोदी की गारंटी वाली गाड़ी के साथ जिला प्रशासन की ओर से विभिन्न विभागों के अधिकारी अपनी स्टॉल लगाकर लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं और पात्र पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति को योजना से जोडक़र लाभानवित करने का भी कार्य कर रहे हैं। इन संकल्प यात्राओं में स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक लोगों के स्वास्थ्य की जांच करके जरूरत अनुसार दवाएं भी दे रहे हैं। नारी शक्ति वाहिनी एनजीओ की ओर से रथ यात्राओं में लोगों को बाल विवाह न करवाने के प्रति शपथ दिला रहे हैं। यह संस्था लोगों को बाल विवाह निषेध के संबंध में निरंतर जागरूक कर रही है। इन सभी कार्यक्रमों में मुख्य अतिथियों ने उपर्सथिति को विकसित व आत्मनिर्भर भारत का संकल्प दिलाया। कार्यक्रमों में मुख्य अतिथियों ने कार्यक्रम स्थल पर जिला प्रशासन द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया और विभागों के अधिकारियों से फीडबैक भी लिया। उन्होंने नमो दीदी ड्रोन की कार्य प्रणाली का अवलोकन किया और प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की पात्र महिलाओं को घरेलु गैस कनैक्शन सिलेंडर सहित भेंट किए। मुख्य अतिथियों ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्कूल के बच्चों, खिलाडिय़ों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर स्थानीय निवासियों ने मुख्य अतिथियों सहित अन्य गणमान्य अतिथियों का फूलमालाएं पहनाकर व पगडी बांधकर परंपरागत तरीके से स्वागत अभिवादन किया।

पलवल में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र सूचना कार्यालय व हरियाणा सरकार के समन्वय से तेलंगाना के प्रतिनिधिमंडल पहुंचा

6 सदस्यों ने आज पलवल की ब्रहामण धर्मशाला में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा,जनसंवाद कार्यक्रम का अवलोकन किया।

सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज

पलवल। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र सूचना कार्यालय व हरियाणा सरकार के समन्वय से तेलंगाना के प्रतिनिधिमंडल में शामिल 6 सदस्यों ने आज पलवल की ब्रहामण धर्मशाला में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा,जनसंवाद कार्यक्रम का अवलोकन किया। इस अवसर पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) के चंडीगढ़ क्षेत्र के निदेशक विवेक वैभव,जिला परिषद क उप सीईओ एवं बीडीपीओ प्रदीप कुमार,नगर परिषद के चेयरमैन डॉ यशपाल,भाजपा नेता मुकेश सिंगला भी मौजूद थे। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) के चंडीगढ़ क्षेत्र के निदेशक विवेक वैभव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर आरंभ एक भारत-श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य, संघ राज्य क्षेत्र की अवधारणा के माध्यम से विभिन्न राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों के लोगों के बीच पारस्परिक समझ को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि एक भारत-श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम में हरियाणा का तेलंगाना पार्टनर स्टेट है। दोनों प्रदेशों के अलग-अलग प्रतिनिधिमंडल समय-समय पर एक दूसरे प्रदेश का दौरा कर भाषा सीखने, संस्कृति, परंपराओं और संगीत, पर्यटन और भोजन, खेल और सर्वोत्तम प्रथाओं के साझाकरण आदि के क्षेत्रों में एक निरंतर और संरचित सांस्कृतिक संपर्क को बढ़ावा देने के लिए गतिविधियां करते हैं। तेलंगाना के प्रतिनिधिमंडल ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान यहां जो अनुभव हांसिल किया है,उसे तेलंगाना सरकार के साथ सांझा किया जाएगा। नोडल अधिकारी जिला परिषद क उप सीईओ एवं बीडीपीओ प्रदीप कुमार ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान जिले में 289 प्रोग्राम किए जा चुके है जिनमें से 281 ग्रामीण क्षेत्रों में और 8 शहरी क्षेत्रों में आयोजित किए गए है। हरियाणा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा को देखने के लिए तेलंगाना से टीम आई हुई है। हरियाणा सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया है और अंतिम पंक्ति में खड़े हुए व्यक्ति को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। तेलंगाना से आए प्रतिनिधि मंडल के सदस्य नविंद्रर बूमला ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की पहल पर आरंभ एक भारत-श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य, संघ राज्य क्षेत्र की अवधारणा के माध्यम से विभिन्न राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों के लोगों के बीच पारस्परिक समझ को बढ़ावा देना है। हरियाणा के सभी जिलों में जारी विकसित भारत-संकल्प यात्रा, जनसंवाद कार्यक्रम की प्रगति के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी ली है। सरकार की योजनाओं का लाभ एक छत के नीचे लोगों को प्रदान किया जा रहा है। जहां पर संबंधित विभागों से आए हुए अधिकारी भी मौजूद है। इस तरह के कार्यक्रमों की एक रिपोर्ट तेलंगाना सरकार के समक्ष रखी जाएगी ताकि सरकार की योजनाओं का लाभ गरीब व्यक्तियों तक पहुंच सके। हरियाणा सरकार द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से योजनाओं का लाभ आमजन को पहुंचाया जा रहा है। सरकार का यह एक सार्थक प्रयास है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान लाभार्थी अनीता ने बताया कि उज्जवला योजना के तहत गैस सिलेंडर व चूल्हा भेट किया गया है। मोदी सरकार की यह अच्छी योजना है। उन्होने बताया कि पहले चूल्हे पर खाना बनाना पड़ता था लेकिन गैस सिलेंडर मिलने पर धुऐं से राहत मिली है। मोदी सरकार अच्छा कार्य कर रही है।

महामहिम राज्यपाल हरियाणा के दौरे के दौरान कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए क्षेत्रानुसार किए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त : जिलाधीश नेहा सिंह

सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज

पलवल। जिलाधीश नेहा सिंह ने दंड प्रक्रिया संहिता-1973 की धारा 22 (।) और 23 (॥) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 11 जनवरी को पलवल में महामहिम राज्यपाल हरियाणा के दौरे के दौरान कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने हेतु विभिन्न अधिकारियों को क्षेत्र अनुसार ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। इन अधिकारियों के साथ पुलिस विभाग के सुपरवाइजरी अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिलाधीश द्वारा जारी आदेशानुसार जिला पलवल के केएमपी बोर्डर से डॉ. भीमराव अम्बेडकर कॉलेज और धर्म पब्लिक स्कूल तथा जिला पलवल में पूर्ण यातायात प्रबंधन के लिए वीवीआईपी ड्यूटी क्षेत्र के लिए जीएम रोडवेज नवनीत सिंह को ड्यूटी मजिस्ट्रेट तथा डीएसपी ट्रैफिक पलवल कुलदीप सिंह को सुपरवाइजरी अधिकारी, सेक्टर-12 में स्थित डा. भीमराव अंबेडकर कॉलेज व पलवल थाना शहर क्षेत्र के लिए नगर परिषद पलवल के पालिका अभियंता विनोद को ड्यूटी मजिस्ट्रेट तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जसलीन कौर को सुपरवाइजरी अधिकारी, सेक्टर-2 मोड पर स्थित धर्म पब्लिक स्कूल व पलवल कैंप थाना क्षेत्र के लिए लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता नरेंद्र यादव को ड्यूटी मजिस्ट्रेट तथा डीएसपी हथीन सुरेश भडाना को सुपरवाइजरी अधिकारी, इस दौरे के दौरान कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए बीडीपीओ पृथला प्रवीण कुमार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट और डीएसपी क्राइम नरेश कुमार को सुपरवाइजरी अधिकारी, गांव मोहना में रैनीवेल स्थल क्षेत्र के लिए पब्लिक हैल्थ पलवल डिवीजन के कार्यकारी अभियंता हेमंत कुमार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। सभी ड्यूटी मजिस्ट्रेट दंड प्रक्रिया संहिता-1973 में निहित कार्यकारी मजिस्ट्रेट की शक्तियों का प्रयोग करेंगे। पलवल में महामहिम राज्यपाल हरियाणा के दौरे के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त पलवल सम्पूर्ण इंचार्ज रहेंगे।

पलवल में वर्कशॉप में घुसे बदमाश, ईट पत्थरो और रॉड से किया हमला

विरोध करने पर संचालक को थिनर डालकर जलाया

कैंप थाना पुलिस केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई में जुटी।

सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज

पलवल। पलवल में वर्कशॉप संचालक पर वर्कशॉप के अंदर घुसकर मारपीट कर उसके ऊपर थिनर व सिपरिट डालकर आग लगाने का मामला प्रकाश में आया है। कैंप थाना पुलिस ने मामले में घायल की शिकायत पर दो नाम जाट सहित 15 के खिलाफ विभिन्न धाराओं में किस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। कैंप थाना प्रभारी सत्यनारायण के मुताबिक डाडोता गांव निवासी जतिन कौशिक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि उसने कैलाश नगर में सबमर्सिबल मैन्युफैक्चरिंग की वर्कशाप लगाई हुई है। वर्कशॉप पर पीड़ित व उसका फोरमैन धर्मेंद्र काम कर रहे थे। इस दौरान वर्कशॉप का गेट बजने की आवाज सुनाई दी। तो फोरमैन धर्मेंद्र ने गेट खोला। गेट पर दीपक व राहुल दोनों भाई खड़े हुए थे। दोनों ने वर्कशाप के अंदर घुसते ही उस पर ईट - पत्थरों और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। मारपीट के बाद आरोपियों ने वर्कशाप में थिनर व सिपरिट से भरी हुई रखी 5 लीटर की केन को उसके ऊपर छिड़क कर आग लगा दी। जिससे पीड़ित का पैर, पेंट, कुर्सी व अन्य सामान जल गया। इसी बीच जब उसके फोरमेन ने उसे बचाने का प्रयास किया। तो 12 से 13 अन्य युवक मुंह पर कपड़ा बांधे हुए वर्कशॉप के अंदर आ गए। जिन्होंने फोरमैन की कनपटी पर देसी कट्टा लगाते हुए कहा कि दूर रहो नहीं तो मारे जाओगे। झगड़े का शोर सुनकर जब पड़ोसी आने लगे। तो दीपक ने देसी कट्टा उसकी कनपटी पर रखकर कहा कि यदि इस बारे में कोई कानूनी कार्रवाई की। तो तुझे और तेरे परिवार को जान से खत्म कर दूंगा। अन्य आरोपियों ने मुंह पर कपड़ा बंधा हुआ था। लोगों को आता देख आरोपी वहां से फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर दो नामजद सहित 15 के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान शुरू कर दी है।

एडवोकेट ने बेसहारा पशुओं का कोर्ट के माध्यम से नगरपरिषद से मांगा ब्यौरा

सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया

रेवाड़ी। सीएलजी समिति के अध्यक्ष सुनील भार्गव एडवोकेट ने एक अवमानना का केस विमल कुमार जिला एवं सेशन न्यायालय में दायर किया हुआ है, जिसमें आज बुधवार सुनवाई हुई। न्यायालय मेंनगर परिषद रेवाड़ी ने बेसहारा पशुओं के मामले में 26 जून से लेकर 20 नवंबर 2023 तक का ब्यौरा पेश किया, जिसमें नगर परिषद रेवाड़ी ने बताया कि हमने शहर से 26 गाय 220 सांड व 10 बछड़े शहर से पकड़े हैं, जिनको धारूहेड़ा गौशाला में भेजा है। जिस पर सुनील भार्गव एडवोकेट ने एक दरखास्त न्यायालय में दायर की। जिसमें उन्होंने लिखा कि इन्होंने अगर शहर से बेसहारा पशु उठाए हैं तो उनकी फोटोग्राफी भी कार्रवाई होगी की कहां से पशु उठाए और छोड़ने की भी फोटोग्राफी करवाई होगी जो माननीय न्यायालय में पेश की जाए। साथ-साथ यह भी शिकायत में दर्ज किया की उनकी टैगिंग भी हुई होगी, वह किस सीरियल नंबर से गौशाला में भेजे हैं। इन सभी का ब्यौरा माननीय न्यायालय में पेश करने चाहिए ताकि यह पता चल सके की कितनी सच्चाई है। इसके साथ-साथ सुनील भार्गव एडवोकेट ने यह भी लिखा की किस फर्म को बेसहारा पशु उठाने का टेंडर दिया गया तथा ठेकेदार अब तक नगर परिषद से कितनी पेमेंट ले चुका है और नगर परिषद ने कितनी पेमेंट कब कब दी। अगर ठेकेदार काम नहीं करता है तो उसके खिलाफ नगर परिषद ने क्या कार्रवाई की ? इन सभी का ब्यौरा लेकर 22 जनवरी को नगर परिषद सचिव या नगर परिषद के ईओ खुद पेश हो कर माननीय न्यायालय मैं जवाब दे। जिस पर न्यायालय ने जवाब के लिए नगर परिषद को 22 जनवरी 2024 तक का समय दिया है।

वंदना पोपली ने प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए पूजित अक्षत का वितरण कर न्योता दिया

घर-घर पहुंचेगा राम मंदिर का निमंत्रण

सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया

रेवाड़ी। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का निमंत्रण एक जनवरी सोमवार से घर-घर पहुंचाया जा रहा है। इसके लिए अयोध्या से आए अक्षत कलश के पीले चावलों को प्रत्येक घर मे वितरण कर आमंत्रित किया जा रहा है साथ ही राम मंदिर के स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की जा रही है। इसी कड़ी मे भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता वंदना पोपली तथा विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओ ने टोली बनाकर घर घर जा कर लोगों को आमंत्रित किया। टोली के सदस्यों में से एक सदस्य ने पूजित अक्षत, दूसरे ने श्री राम मंदिर का चित्र एवं तीसरे सदस्य ने निमंत्रण पत्रक वितरण किया तथा निमंत्रण के विषय में जानकारी दी श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण लेकर घर-घर पहुंच रही भाजपा प्रवक्ता तथा टोली ने अयोध्या से आए पूजित अक्षत वितरण सेवा करने और निमंत्रण देने का काम शुरू किया। आम लोगों को आमंत्रित करने के लिए अक्षत के साथ न्योता लेकर उनके घर पहुंच रहे सभी सदस्य जय श्री राम के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे।

अक्षत वितरण सेवा में प्रमुख रूप से वंदना पोपली के साथ डॉ हेमंत यादव, सुभाष खत्री, कैलाश यादव, राज यादव, बी डी मलिक, राजकुमार दुआ, नरेश गुल्यानी, सरोज खत्री, गोपाल पोपली, एकता दुआ, पूनम, सुमित शर्मा आदि गणमान्य लोग उपर्सथित रहे। वंदना पोपली ने 22 जनवरी की शाम सभी लोगों को कम से कम पांच दीपक जलाने का तथा प्राण प्रतिष्ठा के दिन अपने-अपने मोहल्लों के मंदिरों में उत्सव मनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि देशभर में मकर संक्रांति तक अक्षत वितरित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह हमारी सनातन प्रतिष्ठा की पुर्नस्थापना का अवसर है, सभी वर्ग के लोग इन पूजित अक्षतों के माध्यम से इस अवसर का साक्षी बनने के लिए आमंत्रित हैं। 22 जनवरी को सभी लोग अपने घरों, मंदिरों और देवस्थानों पर उस दिन उत्सव मनाकर प्रधानमंत्री के आह्वान के अनुसार श्रीराम ज्योति जलाकर दीपावली मनाएं।

अवैध मादक पदार्थ बेचने व उपलब्ध करने के मामले में महिला सहित दो गिरफ्तार

सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया

रेवाड़ी। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के दिशा निर्देश में कार्य करते हुए थाना मॉडल टाऊन पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ बेचने व उपलब्ध करने के मामले में एक महिला सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जांचकर्ता ने बताया की 9 जनवरी 2024 को गस्त के दौरान सूचना मिली कि विजय नगर में इंद्रा फन एंड फ़ूड के नज़दीक एक खाली प्लाट में एक नौजवान लड़का नशीला पदार्थ स्मैक बेचने का काम करता है। जिस सूचना पर तुरन्त रेडिंग पार्टी तैयार करके बताए हुए स्थान पर पहुंच कर साथी मुलाजमान की मदद से आरोपी को काबू करके नाम पता पुछा तो उसने अपना नाम फ़तेह सिंह पुत्र फूल सिंह निवासी गांव पहल जिला खैरथल राजस्थान हाल किरायेदार विजय नगर रेवाड़ी बतलाया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट को साथ लेकर आरोपी की तलाशी ली गई तो आरोपी के कब्जे से 02 ग्राम 28 मिलीग्राम अवैध नशीला पदार्थ स्मैक बरामद हुआ। पुलिस द्वारा पूछताछ में आरोपी ने बताया की यह नशीला पदार्थ मोहल्ला खासापुरा निवासी हिना पत्नी रोहित ने उसे उपलब्ध करवाया था। जिस पर पुलिस ने आरोपी हिना को भी गिरफ्तार करके आरोपी के कब्जे से 01 ग्राम 17 मिलीग्राम अवैध नशीला पदार्थ स्मैक बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना माडल टाऊन रेवाड़ी में नशीला पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ने ली पदाधिकारी की बैठक

12 जनवरी को कुरुक्षेत्र में होने वाले नव मतदाता सम्मेलन को लेकर किया विचार विमर्श

सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया

रेवाड़ी। बुधवार को भाजपा जिला कार्यालय रेवाड़ी में जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह चौहान की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा मौजूद रहे। प्रदेश उपाध्यक्ष बनने के बाद जिला कार्यालय पहुँचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया व जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह चौहान, पूर्व मंत्री विक्रम सिंह ठेकेदार, जिला महामंत्री सत्यदेव यादव, ईश्वर चनीजा व निखिल माँढैया ने जी एल शर्मा को पगड़ी पहनाकर उनका सम्मान भी किया।

पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए जीएल शर्मा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद की जयंती पर 12 जनवरी को कुरुक्षेत्र में नव मतदाता सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है जो विशेषकर युवाओं के लिए है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में युवा मोर्चा को विशेष रूप से अपनी उपर्सथिति दर्ज करानी है तथा ज्यादा से ज्यादा संख्याओं में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करनी है। उन्होंने कहा कि युवा देश का भविष्य है। उन्होंने कहा कि आज के युवा को राजनीति में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए उन्होंने रेवाड़ी युवा मोर्चा के अध्यक्ष निखिल मांड्या के नेतृत्व में उपर्सथित सभी युवा पदाधिकारी से विचार विमर्श भी किया। जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह चौहान ने बताया कि इस सम्मेलन में 18 से 35 वर्ष के युवा भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि रेवाड़ी जिले से बडी संख्या में युवा बस व अन्य साधनों के माध्यम से कुरुक्षेत्र पहुँचेंगे। इस अवसर पर जिला महामंत्री सत्यदेव यादव व ईश्वर चनीजा, मंडल अध्यक्ष दीपक मंगला, बाबूलाल छावड़ी, मनोज सैनी, राजपाल सरपंच, इंद्र राव, सरदार सिंह बहाला, राकेश राव, जितेंद्र यादव, सुरेन्द्र माड़िया, युवा मोर्चा महामंत्री अमन कसाना, उपाध्यक्ष अमन धमलावास, दिनेश मलिक, संजीत भड़ंगी, अजय रामपुरी व कुणाल राठी सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

सीए बन रालियावास की बेटी ने गांव का नाम किया रोशन

सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया

रेवाड़ी। जिले के गांव रालियावास निवासी नेवी से रिटायर्ड ओमपाल सिंह की पुत्री तमन्ना यादव ने गत दिवस सीए की परीक्षा पास कर ली है। जिस से परिवार में ही नहीं बलिक पूरे गांव को खुशी हुई है। बेटी को आशीर्वाद व बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। ओमपाल सिंह ने बताया कि गांव की यह पहली बेटी है जो सीए बनी है। इस से पूर्व 2011 में तमन्ना का बड़ा भाई गांव का पहला युवा है जिसका एनडीए में सिलेक्शन हुआ और वो नेवी में लेफ्टीनेंट कमांडर के पद पर सुशोभित है। तमन्ना ने इसका श्रये अपने माता पिता व शिक्षकों को दिया। उसने कहा कि माता पिता व गुरुजनों के आशीर्वाद से मैं इतनी पढ़ लिख पाई व इस मुकाम तक पहुंच पाई। बधाई देने वालों में पूर्व सरपंच छबीला राम, ब्रजमोहन, अशोक कुमार, कांता देवी, रामफल, सुरेंद्र कुमार, चतुर्भुज, राजीव समेत अनेक ग्रामीण रहे।

रेवाड़ी पुलिस ने वाहन चालकों को किया यातायात के प्रति जागरूक

सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया

रेवाड़ी। लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए जिला रेवाड़ी के विभिन्न इलाकों में जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। जिसके तहत मंगलवार को यातायात पुलिस द्वारा कापड़ीवास ट्रक यूनियन व बनीपुर चौक पर यातायात नियमों बारे जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान यातायात पुलिस द्वारा वाहन चालको व आमजन को यातायात नियमों की पालना करने, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने, रॉन्ग साईड ड्राइविंग न करने, वाहन चलते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करने, नशीले पदार्थ और बीड़ी, सिगरेट का प्रयोग न करने के साथ ही नाबालिग बच्चों को टू और फोर व्हीलर गाड़ी न चलाने बारे जागरूक किया गया।

इस जागरूकता अभियान के दौरान रेवाड़ी यातायात पुलिस द्वारा सभी मौजूद चालकों को नशा मुक्ति व खेलों में भागीदारी बारे भी जागरुक किया गया। रेवाड़ी यातायात पुलिस द्वारा इस प्रकार के जागरूकता अभियान चलाकर सड़कों पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के भी प्रयास किए जा रहे हैं। यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक जगदीश चन्द ने कहा कि अधिकांश सड़क हादसे चालक की गलती से होते हैं। इसलिए वाहन चलते रोंगटर्न, अवरस्पीड, रैश ड्राइविंग आदि पर कंट्रोल रखें। साथ सीट बेल्ट का उपयोग करें।

उन्होंने कहा कि सड़क हादसों से बचने के लिए मार्ग पर चलते समय यातायात नियमों का सही से पालन करने पर विशेष ध्यान रखना बेहद जरूरी है।

सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस प्रतिबद्ध : एसपी दीपक सहारन

गलत लेन ड्राइविंग करने पर वर्ष 2023 में 5098 वाहनों के किए चालान

सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया

रेवाड़ी। पुलिस अधीक्षक रेवाड़ी दीपक सहारन के मार्गदर्शन में जिला रेवाड़ी पुलिस सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए प्रतिबद्ध है। वर्ष 2023 के दौरान जिला पुलिस ने हाईवे पर गलत लेन ड्राइविंग करने वाले वाहनों के खिलाफ समय समय पर विशेष चैकिंग अभियान चलाकर 5 हजार 98 वाहनों के चालान किए है। इसमें अधिकतर भारी वाहन ट्रक शामिल हैं। नियमों की अवहेलना करने पर इन वाहनों पर लाखों रुपए का जुर्माना भी किया गया है। यातायात पुलिस के इस अभियान से हाईवे पर सकारात्मक असर देखा गया है। पुलिस अधीक्षक रेवाड़ी दीपक सहारन ने बताया कि हाईवे पर

अधिकतर दुर्घटनाएं गलत लेन पर चलने वाले भारी वाहनों की वजह से होती हैं।

वाहन चालको द्वारा नियमों को न मानने की वजह से यह हादसे हो रहे हैं। मोटर वाहन अधिनियम के तहत भारी वाहनों के लिए हाईवे पर चलने के लिए बाई लेन निर्धारित की गई है। जो भी भारी वाहन अपनी लेन छोड़कर दूसरी लेन में चल रहे हैं। जिला पुलिस द्वारा ट्रैफिक नियमों की उल्लंघन करने वाले ऐसे वाहन चालको के चालान किए जा रहे हैं। इसके साथ यातायात पुलिस द्वारा वाहन चालकों को समय समय पर ट्रैफिक नियमों की जानकारी देकर जागरूक भी किया जा रहा है। एसपी दीपक सहारन ने सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने व वाहनों के सुचारू रूप से आवागमन के लिए मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित गति सीमा व लेन ड्राइविंग व रॉन्ग साइड वाहन न चलाने की वाहन चालकों से अपील की है। उन्होंने वाहन चालकों से धुंध में धीमी गति और पूरी सावधानी से वाहन चलाने की अपील की है। उन्होंने कहा की वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगवाने के साथ ही फाग लाइट का प्रयोग करें। यह धुंध को काटने में मददगार साबित होती है। उन्होंने कहा कि कोहरे में सड़क पर सुरक्षित चलने का अच्छा तरीका है कि आगे वाले वाहन से गाड़ी निश्चित दूरी पर चलाएं। वाहन की हेडलाइट को हाई बीम पर न रखें, ऐसा करने से कोहरे में रोशनी बिखर जाती और सामने कुछ नजर नहीं आता। हेड लाइट लो बीम पर रखें। इससे देखने में आसानी होगी और सामने वाले को भी गाड़ी की सही स्थिति का पता चल सकेगा। वाहन चलाते समय कही मुड़ना है तो उचित समय से इंडिकेटर दें।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद करने पहुंचे प्रदेश उपाध्यक्ष विपुल गोयल

हरियाणा भवन में की मुलाकात

सिटी 24 न्यूज

फरीदाबाद। बीजेपी के प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त होने पर विपुल गोयल ने बुधवार को मुख्यमंत्री मनोहर लाल को अपनी नई जिम्मेदारी के संदर्भ में धन्यवाद दिया। विपुल गोयल ने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओ के समर्थन और सहयोग के लिए भी धन्यवाद करते हुए कहा की वो इस नई जिम्मेदारी और भरोसे के लिये सभी शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद करते है। प्रदेश उपाध्यक्ष विपुल गोयल ने प्रदेश के मुखिया मनोहर लाल का विशेष तौर पर आभार व्यक्त किया और कहा की वह इस नई जिम्मेदारी में उनके मार्गदर्शन और समर्थन का उत्तरदायित्व सही तरीके से निभाएंगे व संगठन के साथ मिलकर नमो परिवार कों बढ़ाने का काम करेंगे। विपुल गोयल ने कहा की आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव मे पहले से ज्यादा मतों से पार्टी कों जीत दिलाकर हैट्रिक लगाने और तीसरी बार मोदी-मनोहर सरकार बनाने का काम करेंगे।

गरीबों व वंचितों के विकास को लेकर सरकार प्रयत्नशील : डा. बनवारी लाल

जनस्वास्थ्य मंत्री डा. बनवारी लाल ने गांव सुठानी, गोलियाका व पाली में ग्रामीणों से किया संवाद

सिटी 24 न्यूज/निकिता माधोगड़िया

रेवाड़ी। हरियाणा सरकार में सहकारिता एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डा. बनवारी लाल ने कहा कि केंद्र सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व हरियाणा सरकार मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में पिछले करीब साढ़े 9 साल से निरंतर गरीब लोगों के हक के लिए न केवल संघर्षरत है बल्कि सरकार ने ऐसी योजनाएं लागू की हैं जो पूरी तरह से अंत्योदय व गरीब हितैषी हैं। सरकार का मानना है कि सरकार की योजनाओं व सेवाओं पर पहला हक गरीबों का है। केंद्र और प्रदेश सरकार गरीबों और वंचितों के विकास के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल बुधवार को बावल विधानसभा के गांव सुठानी, गांव गोलियाका व गांव पाली में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद' का गर्मजोशी से स्वागत करने उपरांत उपस्थित लोगों से सीधा संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार सत्ता भाव से नहीं सेवा भाव से काम कर रही है। लागू की गई सभी योजनाओं को गरीबों तक पहुंचाना सरकार अपना कर्तव्य समझती है।

सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल ने बावल शहर के वार्ड 9 के वार्ड वासियों की लंबित मांग को पूरा करते हुए जोहड़ के जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास किया। इस कार्य के पूर्ण होने पर आस-पास के लोगों को काफी लाभ होगा, साथ ही साथ शहर के सौंदर्यीकरण में यह कार्य लाभकारी सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि होने के नाते वे बावल विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

गांवों के ट्यूबवेल आपरेटरों की चिट्ठी बदलने पर एमसीएफ कर्मचारी सस्पैंड

जिला लोक संपर्क एवं परिवाद समित की मीटिंग के दौरान आई शिकायत के बाद हुआ खुलाशा, जांच के भी आदेश

बल्लभगढ़ में महिला के प्लाट पर कब्ज़ा करने वालों से कब्ज़ा छुड़वाकर महिला को वापिस सौंपने के दिए निर्देश

मीटिंग में 16 में से तीन मामले रहे लंबित, बाकी सभी मामलों का मौके पर ही किया निपटारा

सिटी 24 न्यूज

फरीदाबाद। वर्ष 2020 में नगर निगम में शामिल किए गए 24 गांवों के ट्यूबवैल आपरेटरों को नगर निगम के माध्यम से वेतन न देने के एक मामले की सुनवाई के दौरान नगर निगम फरीदाबाद की एक बड़ी लापरवाही सामने आई। इसमें एक ही डिस्पैच नंबर पर दो चिट्ठियां जारी की गई थी। इनमें एक में कर्मचारियों को नगर निगम के माध्यम से वेतन देने व दूसरे में न देने की चिट्ठी लिखी गई थी। इस पर नगर निगम के एक कर्मचारी को

सस्पेंड कर दिया गया वहीं मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने उस कर्मचारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के भी आदेश दिए। इसके साथ ही पूरे मामले की जांच के भी आदेश दिए गए। मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल बुधवार को एचएसवीपी कन्वेंशन सेंटर में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

मीटिंग में 16 परिवाद रखे गए जिनमें से 13 परिवादों का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया। इसमें बल्लभगढ़ निवासी शारदा देवी के 66 गज के प्लाट पर कब्जे का मामला भी था। महिला का कहना था कि उसने पूरे पैसे देकर रजिस्ट्री व इंतकाल करवाया था, लेकिन उसके मकान पर कब्ज़ा कर लिया गया। इस पर मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने संज्ञान लेते हुए पुलिस को निर्देश दिए कि कब्ज़ा खाली करवाकर शारदा देवी को मकान दिलाना सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही एचएसवीपी सेक्टर में एक प्लाटधारक द्वारा निलामी में प्लाट खरीदने के बावजूद कब्ज़ा न मिलने पर उसे पालिसी बनाकर उसी कीमत व साईज का दूसरा प्लाट देने के निर्देश दिए।

वहीं फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों की एचकेआरएन में इंट्री न करने से संबंधित एक मामले में निर्देश देते हुए कहा कि जब कर्मचारी काम कर रहें हैं उन्हें जल्द ही एचकेआरएन में रजिस्टर्ड किया जाए और वेतन दिया जाए। इसके साथ ही जिला के गांवों हीरापुर, नहरावली व अन्य एक दर्जन गांवों में पिछले 60 वर्षों से बनी हुई नहर में पानी न पहुंचने की समस्या का समाधान भी मीटिंग में रखा गया। इस पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि नहर में अब एक लाख तीन हजार क्यूसिक पानी चल रहा है और इसके लिए सभी ग्रामीणों को बधाई देता हूं। इसी प्रकार झाड़सेतली गांव में प्रदूषण के संबंध में आई एक शिकायत पर संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने एसडीएम के नेतृत्व में कमेटी गठित की जो उद्योगों के गंदे पानी की समस्या का समाधान कर उसे पौधों के लिए उपयोग करना सुनिश्चित करेंगे।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत भी की और कहा कि जल्द ही यमुनानगर में 800 मैगावाट का सौर ऊर्जा पावर प्लांट लगाया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि एक लाख युवाओं को वैध तरीके से विदेश भेजने के लिए प्रक्रिया की जा रही है। मीटिंग में प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा, फरीदाबाद से विधायक नरेंद्र गुप्ता, पृथला से विधायक नैनपाल रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा, मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार राजीव जेटली, पुलिस आयुक्त राकेश आर्य, एफएमडीए के सीईओ ए श्रीनिवास, नगर निगम आयुक्त ए. मोना श्रीनिवास, उपायुक्त विक्रम सिंह सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

मिशन 2024 भाजपा के पास सर्वश्रेष्ठ नेतृत्व और विकसित भारत का एजेंडा : धनखड़

सिटी 24 न्यूज

चंडीगढ़/झज्जर। मिशन 2024 को लेकर भाजपा पूरी तरह से तैयार है। हरियाणा और देश में फिर से भाजपा की सरकार बनाने के लिए जनता जर्नादन और पार्टी कार्यकर्ता पूरी से तैयार है। भाजपा के पास पीएम मोदी के रूप में दुनिया का सर्वश्रेष्ठ नेतृत्व और अमृत काल में भारत को विकसित बनाने का एजेंडा है। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने झज्जर में नवनियुक्त जिला अध्यक्ष राजपाल जांगड़ा के सम्मान में आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि भाजपा का संगठन पन्ने पन्ने तक मजबूत है, दूसरी तरफ कांग्रेस की राह बिखराव की ओर है, संगठन भी खड़ा नहीं कर पा रही है। कांग्रेस के पास न नेतृत्व है और न ही एजेंडा। धनखड़ ने कहा कि भाजपा की यह खूबी है कि सभी कार्यकर्ता मिलकर एक टीम के रूप में काम

करते हैं। जिसको जो भी दायित्व मिले, उक्त दायित्व को निभाने के लिए भाजपा कार्यकर्ता अपना सर्वश्रेष्ठ देता है। साधारण से असाधारण की यात्रा भाजपा में ही संभव है। दूसरी राजनीतिक पार्टियों में पद परिवारों तक सीमित हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के पद पर आदिवासी समाज की बेटी, उपराष्ट्रपति के पद पर किसान का बेटा और प्रधानमंत्री के पद पर गरीब परिवार का बेटा गरिमामय ढंग से कार्य कर रहे हैं।

भाजपा के राष्ट्रीय सचिव श्री धनखड़ ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष राजपाल जांगड़ा को पदभार संभालने पर बधाई दी और निवर्तमान अध्यक्ष विक्रम कादियान को अच्छा कार्य करने के लिए शाबाशी दी। धनखड़ ने कहा कि रोहतक लोकसभा की सीट और जिला झज्जर की चारों विधानसभा सीटों पर कमल खिलने जा रहा है। नगर निकाय और पंचायती राज संस्थाओं में भी कमल खिला हुआ है। इस अवसर पर पूर्व विधायक नरेश कौशिक, पूर्व जिला अध्यक्ष विक्रम कादियान, बिजेंद्र दलाल, नरेश रोहिल्ला, जिप

हरियाणा और देश में फिर से बनेगी भाजपा की सरकार

नवनियुक्त जिला अध्यक्ष राजपाल जांगड़ा के अभिनंदन समारोह में पहुंचे भाजपा राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़

पन्ने पन्ने तक पहुंचा भाजपा का संगठन, कांग्रेस की राह बिखराव की ओर

चेयरमैन कप्तान बिरधाना, मंडल अध्यक्षों सहित पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष का अभिनंदन किया।

अर्जुन अवार्डी दीक्षा डागर ने बढ़ाया क्षेत्र का गौरव : धनखड़

छपार गांव में आयोजित खिलाड़ी सम्मान समारोह में पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़

गोल्फर दीक्षा डागर को अर्जुन अवार्ड मिलने पर राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ के साथ क्षेत्र के लोगों ने दी बधाई

सिटी 24 न्यूज

चंडीगढ़/झज्जर। हलके की बेटी दीक्षा डागर ने गोल्फ की अनेक विश्वस्तरीय प्रतियोगिताओं में मेडल जीतकर अपने गांव, बादली हलके, जिला, हरियाणा और देश का नाम विश्व पटल पर रोशन किया है। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने बादली हलके के गांव छपार में अर्जुन अवार्डी दीक्षा डागर के सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि पूरे क्षेत्र को अपनी होनहार बेटी दीक्षा डागर की उपलब्धियों की चर्चा करते और बताते हुए गर्व और गौरव की अनुभूति होती है। धनखड़ ने कहा कि खिलाड़ी को अर्जुन अवार्ड मिलने पर और अधिक उत्साह के साथ खेलता है । बेटी दीक्षा ने अगले वर्ष होने वाले ओलङक्षपक खेलों में देश के लिए मैडल जीतने का लक्ष्य रखा है। हम सभी आज बेटी दीक्षा को सफलता की अग्रिम शुभकामनाएं देते हैं।

धनखड़ ने कहा कि हरियाणा विशेषकर अपना क्षेत्र वीर सैनिकों, प्रतिभाशाली खिलाडिय़ों और मेहतनकश किसानों की भूमि है। कुश्ती और कबड्डी की भूमि से लॉन टेनिस, फुटबाल, गोल्फ, शूटिंग जैसे खेलों में हमारे प्रतिभाशाली खिलाड़ी दुनिया में धाक जमाना सीख गए हैं।

भाजपा के राष्ट्रीय सचिव धनखड़ ने खिलाड़ी सम्मान समारोह आयोजित करने के लिए दिक्षा के परिजनों और क्षेत्र की सरदारी का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि जब हमारे खिलाड़ी मैडल जीतकर लाते हैं , पूरे क्षेत्र की सरदारी ढ़ोल बाजे के साथ एयरपोर्ट पर ही स्वागत के लिए पंहुच जाती है।

यहीं जज्बा खिलाड़ी को मेडल जीतने के लिए प्रेरित करता है और युवा खिलाडिय़ों में नया जोश व उत्साह पैदा करता है। खिलाड़ी सम्मान समारोह में दीक्षा डागर के पिता कर्नल नरेंद्र डागर, सुशील मिडकोला डागर खाप प्रधान, विनोद बाढ़सा, बसंत सुहरा, सरपंच श्री भगवान, महंत नवीन जी महाराज, पार्षद रवि बराही, रोहित सुरेंद्र, बलवान, बलराज, राम सिंह, नरेश कौशिक, सुरेंद्र डागर, भंवर सिंह न्यौला, अनूप सिंह, राजप्रकाश, नीटू आनंद बादली, विक्रम गुलिया, शमशेर कासनी, अजीत सिंह, श्रीभगवान, हरेंद्र सुबाना सहित खिलाड़ी, कोच और गणमान्य जन मौजूद रहे।

संपादकीय

गलती सुधारी गई

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को बहुचर्चित बिलकिस बानो गैंगरेप मामले में गुजरात सरकार द्वारा 11 दोषियों को दी गई माफी रद्द कर दी। इन सबको एक पखवाड़े के अंदर फिर से जेल जाने के लिए कहा गया है। फैसला इस तकनीकी आधार पर दिया गया है कि माफी का यह आदेश गुजरात सरकार के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। यह महाराष्ट्र सरकार के अधिकार क्षेत्र में है क्योंकि मुकदमा गुजरात में नहीं, महाराष्ट्र में चला था। मगर इस फैसले से जो मुद्दे सामने आए हैं, उन पर गौर करने की जरूरत है। आखिर माफी के ऐसे फैसले अमूमन तत्कालीन राजनीतिक माहौल से जुड़े होते हैं।

गंभीर अपराध: अगस्त 2022 में गुजरात सरकार द्वारा दिए गए माफी के इस आदेश पर विवाद इसलिए भी हुआ क्योंकि इस मामले में अपराध का स्वरूप बेहद गंभीर था। इसी वजह से अपराधियों को उम्र कैद की सजा दी गई। पिटिशनर बिलकिस रसूल 2002 के गुजरात दंगों के दौरान गैंगरेप और मर्डर केस में विक्टिम थीं। इस घटना में आठ नाबालिगों की हत्या की गई थी।

राजनीतिक पहलू: माफी के इस पूरे घटनाक्रम पर गौर करें तो इसके राजनीतिक पहलू प्रमुखता से उभर आते हैं। CBI ने इस मामले की जांच की थी। इसलिए 2019 में माफी की अर्जी आने के बाद उससे भी राय मांगी गई। एजेंसी का कहना था कि इस मामले में ढिलाई की कोई सूरत नहीं बनती। अगले साल गुजरात के दाहोद जिले के SP और DM ने भी CBI के इस रुख की पुष्टि कर दी। उनका भी कहना था कि माफी नहीं दी जानी चाहिए।

राज्य सरकार की खिंचाई: माफी देने की शक्ति कार्यपालिका के पास है। 2022 में जब जांच एजेंसियों की आरंभिक आपततियों के बावजूद माफी का आदेश जारी हुआ, तब राज्य में विधानसभा चुनाव होने वाले थे। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार के इस फैसले को दो आधारों पर गैरकानूनी बताया है। चूंकि यह मुकदमा महाराष्ट्र में चला, इसलिए गुजरात सरकार को इस बारे में फैसला करने का अधिकार नहीं है, यह बात खुद गुजरात सरकार ने 2022 में मानी थी। इसलिए माफी का आदेश राज्य सरकार की हड़पी हुई ताकत पर आधारित है। यह सुप्रीम कोर्ट द्वारा माफी को रद्द किए जाने का एक कारण रहा।

दिशानिर्देश की जरूरत: माफी बेशक जुडिशल सिस्टम का अभिन्न हिस्सा है। मगर यह सुनिश्चित करना भी जरूरी है कि इसे राजनीतिक सहूलियत का मामला न बना लिया जाए। जैसे ही सुप्रीम कोर्ट इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि गुजरात सरकार ने माफी का आदेश निकालने का अधिकार हड़प लिया है, इससे न्यायिक व्यवस्था के अवमूल्यन का खतरा भी स्पष्ट हो गया। आखिर इंसाफ को नुकसान सिर्फ मनमानी गिरफ्तारी से नहीं होता। संदिग्ध माफी भी इसके लिए उतनी ही नुकसानदेह साबित होती है।

सरकारी अस्पताल हथीन की स्वास्थ्य सेवाएं रामभरोसे

सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर

हथीन। हथीन के उपमंडल होसपिटल में आपातकालीन सथिति में मेडिकल अफसर उपलब्ध नही होते हैं। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण मंगलवार को रात्रि आठ बजे उस समय मिला जब सड़क दुर्घटना में घायल रीण्डका निवासी निरंजन शर्मा आपातकालीन कक्ष में घायल अवस्था में पहुंचा। निरंजन मण्डकौला में हुई सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। सड़क दुर्घटना में घायल का हाल जानने के लिए घायल निरंजन के साथी गजराज भी पहुंच गए। आपातकालीन कक्ष में एक स्टाफ नर्स एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी मिले। इलाज के लिए कोई मेडिकल अफसर नही मिला। सड़क दुर्घटना में घायल निरंजन बिना इलाज तडफता रहा। स्टाफ नर्स ने घायल को इंजेक्शन लगाए और बिना मेडिकल अफसर के ही हायर होसपिटल के लिए रेफर कर दिया। इस बारे में गजराज ने स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज एवं जिला उपायुक्त को लिखित रूप शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने अपनी शिकायत में कहा है कि मेडिकल आफिसर आपातकालीन कक्ष से नदारद रहते हैं। उन्होंने इस मामले की उच्च अधिकारियों से जांच कराने तथा आपातकालीन सीसीटीवी की फुटेज की जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है। वहीं दूसरी तरफ इस बारे में हथीन होसपिटल के सीनियर मेडिकल अफसर गजय ने बताया कि आपातकालीन कक्ष में उनकी ड्यूटी थी। वे होसपिटल परिसर में खाना खा रहे थे। आपातकालीन कक्ष में मेडिकल अफसर हर समय तैनात रहते हैं।

वेतन में बढ़ोतरी को लेकर पटवारी व कानूनगो एसोसिएशन धरना प्रदर्शन जारी

सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां

नूंह। द रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष जयवीर चहल आज नूंह के पुराने तहसील कार्यालय में धरना स्थल पर पहुंचे। हरियाणा में वेतन बढ़ोतरी न होने से नाराज पटवारी व कानूनगो तीन जनवरी से सांकेतिक हड़ताल पर हे। आज धरने का आठवां दिन है। धरना स्थल पर दी रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो संगठन हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष जयवीर चहल के पहुंचने से धरने पर बैठे कर्मचारियों में काफी जोश देखने को मिला।

प्रदेश अध्यक्ष जयवीर ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार ने जो वेतनमान की घोषणा की थी वह सही तरीके से लागू नहीं कि हे। सरकार द्वारा पिछले दिनों की गई वेतनमान वृद्धि की घोषणा को सही तरीके से लागू करे। उन्होंने कहा कि हमारी मांग है पटवारी-कानूनगो के बढ़ाए गए वेतनमान को 1 जनवरी 2016 से नोटिफिकेशन व 25 जनवरी 2023 से वास्तविक रूप से लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि वेतन विसंगतियों को दूर करने, राजस्व पटवारी की नई भर्ती करने तथा विभागीय परीक्षाएं समय पर करवाई जाए। जयवीर चहल ने कहा कि वे नहीं चाहते की हड़ताल की वजह से आम जनता परेशान हो। लेकिन जो भी दिक्कत आ रही है उसकी जिम्मेदार हरियाणा सरकार है।

बुधवार को सूर्य निकला लेकिन ठंड से नहीं मिली राहत

सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित

कनीना। बुधवार को कुछ समय सूर्य निकले के बाद भी आमजन को ठंड से राहत नहीं मिली। शीत लहर के चलते समूचा उत्तर भारत पिछले पखवाडेभर से कडाके की ठंड की चपेट में है। जिससे सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त है। सर्दी के चलते दुधारू पशुओं की दूध देने की क्षमता में करीब 10 फीसदी कमी हो गई है। ग्रामीण लोग पशुओं को ठंड से बचाने का प्रयास कर रहे हैं। घरों में दुबके ग्रामीण जरूरत होने पर ही ग्रामीण घरों से निकल रहे हैं। ठंड के चलते रोजमर्रा की जिंदगी ठहर गई है लेकिन रबि फसलों के लिए यह वरदान साबित हो रही है। सरसों एवं गेहूं की फसल को लाभ मिल रहा है। पिछले पखवाडेभर से मौसम बेदर्द बना हुआ है। कडाके की सर्दी से बचाव के लिए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के नागरिक अलाव जलाकर सर्दी दूर करने का प्रयास करने पर मजबूर हैं। क्षेत्र में धुंध कम तथा ठंड अधिक के हालात बने हुए हैं। बुधवार को कनीना क्षेत्र का न्यूनतम तापमान 5 डिग्री व अधिकतम तापमान 15 डिग्री सेलसियस दर्ज किया गया। एक्यूआई 308 दर्ज किया गया जिसे वेरी पूअर माना गया है। कृषि विभाग के डॉक्टर देवेंद्र कुमार ने बताया कि बढी हुई ठंड से फसलों को फायदा हुआ है। अगले सप्ताहभर तक मौसम साफ रहने का अनुमान है।

मारपीट कर लूटपाट मामले में 4 आरोपी क्राइम ब्रांच होडल ने किए गिरफ्तार

आरोपियों से लूटा गया मोबाइल,3050 रुपए एवं वारदात में प्रयुक्त चार डंडे बरामद, पेश अदालत कर सलाखों के पीछे भेजा

सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज

होडल। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ० अंशु सिंगला के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में जिला पुलिस लगातार अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश कसने में कामयाब हो रही है। इसी अभियान को लेकर क्राइम ब्रांच होडल प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार की टीम ने 31 जुलाई 2023 को मुंडकटी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर लूटपाट मामले में शामिल 4 आरोपियों आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। क्राइम ब्रांच होडल प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार के अनुसार मामले मे दिनांक 2 अगस्त 2023 को देशराज निवासी अंधोप थाना बहीन ने थाना मुंडकटी में दी अपनी शिकायत में बताया कि दिनांक 31.07.23 को उनके गांव के कुछ लोगो द्वारा बृज चौरासी कौस कि परिक्रमा में यात्रियों का शिविर गांव डाडका के सरकारी स्कूल में चलाया जा रहा है जब रात्री 09.30 बजे के लगभग वह अपनी बाईक नं HR-50-B3824 पर सवार होकर शिवर से घर वापिस जा रहे थे तो रस्ता मे जब वह डाडका अंधोप रोड गांव सौन्ध के जगंल में बम्बा कि पुलिया के पास पहुंचा तो 5 व्यक्ति जिनके पास तलवार, फर्सा लठियां लेकर खडे हुए थे उन्होने उसे रोक लिया और उसका पर्स छिन लिया जिसमें 5000/- के लगभग रुपय थे और उसका फोन मार्का ओपो छिन लिया। उसने विरोध किया तो बदमाशो ने उसके गाली गलोच कि और मारपीट कि जो चोट लगने से वह जमीन पर गिर गया तो वो उसके हाथ कि घडी को भी छिन कर भाग गए। शिकायत के आधार पर अज्ञात आरोपीयों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध किया गया। क्राइम ब्रांच होडल प्रभारी ने बताया कि मामले में दिनांक 8 जनवरी 2024 को एसआई हनिश खान के नेतृत्व में जांच इकाई ने वारदात को अंजाम देने वाले गांव इंदाना थाना बिछोर जिला नूह निवासी 4 आरोपीयों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपीयों से मारपीट कर लूटे गए रुपए, मोबाइल एवं हाथ घड़ी बरामद करने हेतु आरोपियों को पेश अदालत कर दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया रिमांड अवधि के दौरान जांच इकाई ने आरोपियों से वारदात में छिना गया मोबाइल,कुल 3050 रुपए एवं वारदात में प्रयुक्त कुल चार डंडे बरामद किये । आरोपियों को आज बाद रिमांड अवधि पेश अदालत किया गया जहां अदालत ने आरोपियों को बंद कारागार के सादर आदेश दिए।

संकल्प यात्रा नगर परिषद के क्षेत्रों में रह रहे लोगों को भी पहुंचा रही है लाभ : विधायक दीपक मंगला

पात्र व्यक्तियों को योजनाओं से जोडने.का कर रही है कार्य

रथ यात्राओं में नारी शक्ति वाहिनी एनजीओ बाल विवाह निषेध की दिला रहा है शपथ

सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज

पलवल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के हर नागरिक को सरकार की योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक करने के लक्ष्य को निर्धारित करके चलाई गई विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्रामीण आंचल के साथ-साथ नगर परिषद के वार्डों को भी कवर कर रही है। यह संकल्प यात्रा अब शहरी क्षेत्र में रह रहे लोगों को भी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ पात्रता पूर्ण पाए जाने पर उन्हें भी योजनाओं से जोडने.का कार्य कर रही है। यह वक्तव्य विधायक दीपक मंगला ने पलवल नगर परिषद के वार्ड नंबर-2,3,4,5,6,7,16,17,18 में संकल्प यात्रा के स्वागत में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किए। इस अवसर पर उनके साथ नगर परिषद पलवल के चेयरमैन यशपाल भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि सोमवार से यह यात्रा नगर परिषद पलवल व होडल के विभिन्न वार्डों को कवर करती हुई अगले वार्डों की ओर आगे बढ़ रही है। मोदी की गारंटी वाली इस गाडी का मकसद यही है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की लोक कल्याणकारी योजनाओं की शत प्रतिशत जानकारी प्रत्येक जन को मिले और हर एक पात्र व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे। विधायक दीपक मंगला ने कहा कि गांव व वार्डों में मोदी की गारंटी वाली गाड़ी के साथ जिला प्रशासन की ओर से विभिन्न विभागों के अधिकारी अपनी स्टॉल लगाकर लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं और पात्र पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति को योजना से जोडक्र लाभानवित करने का भी कार्य कर रहे हैं। इन संकल्प यात्राओं में स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक लोगों के स्वास्थ्य की जांच करके जरूरत अनुसार दवाएं भी दे रहे हैं। नारी शक्ति वाहिनी एनजीओ की ओर से रथ यात्राओं में लोगों को बाल विवाह न करवाने के प्रति शपथ दिला रहे हैं। यह संस्था लोगों को बाल विवाह निषेध के संबंध में निरंतर जागरूक कर रही है। इन सभी कार्यक्रमों में मुख्य अतिथियों ने उपसर्थिति को विकसित व आत्मनिर्भर भारत का संकल्प दिलाया। कार्यक्रमों में मुख्य अतिथियों ने कार्यक्रम स्थल पर जिला प्रशासन द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया और विभागों के अधिकारियों से फीडबैक भी लिया। उन्होंने नमो दीदी ड्रोन की कार्य प्रणाली का अवलोकन किया और प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की पात्र महिलाओं को घरेलु गैस कनैक्शन सिलेंडर सहित भेंट किए। मुख्य अतिथियों ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्कूल के बच्चों, खिलाड़ियों को प्रशसति पत्र देकर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर स्थानीय निवासियों ने मुख्य अतिथियों सहित अन्य गणमान्य अतिथियों का फूलमालाएं पहनाकर व पगडी बांधकर परंपरागत तरीके से स्वागत अभिवादन किया। इन कार्यक्रमों में हरियाणा पशुधन आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष मेहरचंद गहलौत, हरेंद्र तेवतिया, देवेंद्र सिंह तंवर, विकास चौधरी, तेजपाल तेवतिया, पवन भडाना, मंडल अध्यक्ष बलबीर, किसान सैल महामंत्री यतेंद्र, गंगाराम, राकेश गर्ग, पचानका सरपंच शाहरूख खान, फिरोजपुर राजपूत सरपंच भगवती, कलसाडा सरपंच गीता सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

महिला एवं पुरूष खिलाड़ियों के लिए होगा अखिल भारतीय सिविल सेवा वॉलीबाल व कैरम प्रतियोगिता का आयोजन

15 जनवरी को करनाल में होगा वॉलीबाल खेल के लिए खिलाड़ियों का चयन

कैरम के खिलाड़ियों का चयन अंबाला छावनी में 11 जनवरी को

सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज

पलवल। जिला खेल अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि महिला एवं पुरूष खिलाड़ियों हेतु अखिल भारतीय सिविल सेवा वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 18 फरवरी से 22 फरवरी 2024 तक महाराष्ट्र प्रदेश के पूणे में सथित श्री शिवतृप्ति स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स बलेवाडी में करवाया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में हरियाणा राज्य की ओर से भाग लेने वाले वॉलीबाल खिलाड़ियों के लिए आगामी 15 जनवरी 2024 को पुरूष एवं महिला खिलाड़ियों का चयन जिला करनाल में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त महिला एवं पुरूष खिलाड़ियों के लिए अखिल भारतीय सिविल सेवा कैरम प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 10 फरवरी से 15 फरवरी 2024 तक पाटलीपुत्र स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स पटना में करवाया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अधिकारियों अथवा कर्मचारियों का चयन 11 जनवरी 2024 को अंबाला छावनी के वारहिरोज मैमोरियल स्टेडियम में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक अधिकारी अथवा कर्मचारी इस चयन स्पर्धा मे प्रात: 10 बजे तक निर्धारित स्थान पर पहुंचना सुनिश्चित करें।

जिला पलवल के सभी विभागों में कार्यरत अधिकारी व कर्मचारियों को इन चयन स्पर्धाओं में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को निर्धारित की गई तिथि, समय व स्थान पर पहुंचना होगा। इन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को अपने विभाग से यह प्रमाण पत्र देना होगा कि वे अमुक विभाग के कार्यालय में अधिकारी अथवा कर्मचारी के पद पर कार्यरत हैं तथा इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु जाने व वापिस आने का किराया संबंधित विभाग अथवा खिलाड़ी द्वारा वहन किया जाएगा।

जिला खेल अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि इस चयन स्पर्धा मे भाग लेने वाले सिविल सेवा कर्मचारी टीए, डीए अपने विभाग से लेंगे। केंद्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक एवं क्रीडा बोर्ड नई दिल्ली के अनुसार विभिन्न श्रेणी के कर्मचारी एआईसीएस के लिए पात्र नहीं होंगे, जिनमें रक्षा सेवाओं/अर्धसैनिक संगठन/केंद्रीय पुलिस संगठन, पुलिस, आरपीएफ, सीआईएसएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी, एनएसजी आदि में वर्दीधारी कर्मी, स्वायत्त निकायों, उपक्रमों, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के कर्मचारी, भले ही वे प्रशासनिक रूप से केंद्रीय मंत्री द्वारा नियंत्रित हों, आकस्मिक, दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी, अस्थाई ड्यूटी पर कार्यालयों से जुड़े कर्मचारी और एक नवनियुक्त नियोजित व्यक्ति जिसने नियमित स्थापना या सेवा में 6 महीने से कम समय बिताया हो आदि शामिल हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा सिविल सेवा प्रतियोगिता से संबंधित सभी हिदायतें सिविल सर्विसेज की व ै ब स ा इ ट http//dopt.gov.in से प्राप्त की जा सकती हैं।

थाना हसनपुर पुलिस ने जानलेवा हमला मामले में दूसरे आरोपी को किया गिरफ्तार

सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज

होडल। जिला पुलिस अधीक्षक पुलिस डॉ अंशु सिंगला निर्देशन में लगातार अपराधियों पर पुलिस शिकंजा कस रही है। इसी निर्देशन को लेकर मथाना हसनपुर पुलिस ने सितंबर माह के जानलेवा हमला मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थाना हसनपुर प्रभारी मनोज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया की 4 सितंबर 2023 को थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव नखरौला निवासी ने अपनी शिकायत दर्ज कराई थी कि दिनांक 2 सितंबर 2023 को गांव के ही आरोपी व्यक्ति लाठी, डंडा, से लैस होकर घर में घुस गए और शिकायतकर्ता और उसके परिवार के सदस्यों को लाठी, डंडों, मुक्कों और लातों से बेरहमी से पीटा और उन्हें गंभीर चोटें पहुंचाईं। इसी मामले के संबंध में आईपीसी की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले में दिनांक 15 नवंबर 2023 को वारदात में शामिल पहले ही एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। प्रभारी थाना ने आगे बताया कि मामले में दिनांक 8 जनवरी 2024 को वारदात में शामिल एक और आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। आरोपी से वारदात में प्रयोग किए गए डंडे को बरामद किया गया। आरोपी को पेश अदालत किया गया जहां आरोपी को अदालत श्रीमान ने बंद कारागार के सादर आदेश फरमाए । मामले में फरार आरोपी जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होगे।

ट्रक चालकों ने शुरू की हड़ताल, जगह जगह पर चालकों ने ट्रक खड़े किए

सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज

होडल। नेशनल हाईवे 19 पर हिट एंड रन केस में ट्रक चालक सरकार के अड़ियल रवैया से नाराज हैं। नाराज ट्रक चालकों ने नेशनल हाईवे 19 पर जगह जगह सैकड़ों ट्रकों का पहिया थाम दिया है। ट्रक चालकों ने फिर से हड़ताल शुरू करनी थी, लेकिन पुलिस की सख्ती के चलते चालकों को बैठने नहीं दिया जा रहा है। आखिरकार ट्रक चालक अपने ट्रकों के पास ही खड़े होकर अनिश्चितकालीन हड़ताल को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। ट्रक चालकों से बातचीत के बाद पता चला कि पुलिस ने ट्रक चालकों को बुलाकर कड़े निर्देश दिए कि अगर नेशनल हाईवे 19 पर और कुंडली मानेसर पलवल एक्सप्रेसवे पर ट्रक चालकों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की तो इसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ेगा। पुलिस की इस सख्ती का असर ट्रक चालकों की हड़ताल पर साफ देखने को मिल रहा है, लेकिन सबसे खास बात यह है कि ट्रक चालक अपनी गाड़ियों को केएमपी, नेशनल हाईवे पर जगह जगह खड़ा करने के बाद वहीं पर डटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने जो काले कानून लागू किए हैं, वह ट्रक चालकों के हित में नहीं है। ट्रक चालक देश की अर्थव्यवस्था में अहम भूमिका निभाता है और मामूली से वेतन में अपने परिवार का गुजारा करता है। ध्यान रहे की नूंह जिला हरियाणा का एकमात्र ऐसा जिला है। जहां सबसे ज्यादा ट्रक चालक हैं। पुलिस प्रशासन में प्रशासन इस बात को अच्छी तरह से जानता है कि अगर नूंह जिले के तमाम ट्रक चालक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गए तो उसे संभालना मुश्किल हो सकता है। बताया जाता है कि जिले में तकरीबन 50000 से अधिक ट्रक चालक हैं, जो देशभर के विभिन्न राज्यों में ट्रक चलाकर अपने परिवार का गुजारा करते हैं। सबसे खास बात यह है कि ट्रकों का पहिया थमने की वजह से न केवल चालक व परिचालक को अब मेहनताना नहीं मिलेगा बल्कि रही सही कसर उस समय पूरी हो जाएगी, जब ट्रक मालिक को आमद नहीं होने के चलते लोन पर लिए गए ट्रकों की किस्त भरना अब मुश्किल हो जाएगा। कुल मिलाकर ट्रक चालकों की हड़ताल का अगर कोई स्थाई समाधान सरकार के द्वारा नहीं निकाला गया तो महंगाई में बेतहाशा बढ़ोतरी हो सकती है। जिसका असर आम आदमी पर भी पड़ना लाजमी है।

पलवल जिले में पटवारियों की हड़ताल 8वे दिन भी जारी

सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज

पलवल। जिले के पटवार घर में दि रिवेन्यू एवं कानूनगो एसोसिएशन जिला पलवल के बैनर तले अपनी मांगों को लेकर पटवारियों और कानूनगो की हड़ताल 8 वे दिन भी जारी। इस दौरान उन्होंने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। पटवारी व कानूनगो के पिछले 8 दिनों से हड़ताल पर चले जाने से रजिसट्रियां, जमीन की गिरदावरी और बच्चों के प्रमाण पत्र से संबंधित कार्य प्रभावित हो रहे हैं। आम लोगों को कामकाज के लिए काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। पटवारी व कानूनगो की माने तो अपनी मांगों को लेकर वह इससे पहले भी सरकार के खिलाफ कई बार धरना प्रदर्शन और हड़ताल भी कर चुके है तथा प्रदेश सरकार के नाम जिला उपायुक्त को ज्ञापन भी सौप चुके है। पिछले वर्ष 25 जनवरी को प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के मुताबिक पटवारियों का पे ग्रेड 25 हजार 500 रुपये से बढ़ाकर 32 हजार 100 रुपये किया गया था। जिसे लागू किए जाने की मांग को लेकर वह गत 3 जनवरी से तीन दिवसीय हड़ताल पर चले गए थे। हड़ताल के दौरान प्रदेश सरकार की तरफ से कोई सकारात्मक परिणाम नहीं आने की वजह से उन्हें अपनी हड़ताल को 10 जनवरी तक बढाना पड़ा। लेकिन बावजूद सरकार ने आज तक उन्हें वार्तालाप के लिए कोई निमंत्रण नहीं भेजा है। जिससे लगता है कि उनकी यह हड़ताल अब और लम्बी चलने वाली है। उनकी प्रदेश सरकार से मांग की है कि राजस्व पटवारियों की वेतन विसंगतियो को दूर किया जाए, राजस्व पटवारियों की नई भर्ती की जाए और उनके अतिरिक्त कार्य के बोझ को कम किया जाए। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांगे पूरी नही होती है। तब तक उनकी यह हड़ताल लगातार युही जारी रहेगी।

हुड्डा के "गढ़" सांघी में गरजे बिप्लब देब, 'हुड्डा को घर में घेरा

रोहतक की जनता मोदी को ही प्रधानमंत्री देखना चाहती है : बिप्लब देब

जनता को सम्मान मोदी ही दे सकते हैं, राहुल और हुड्डा नहीं : बिप्लब देब

हरियाणा दुनिया को रोटी देता है, इसलिए यहां लोगों को सम्मान चाहिए और जनता को सम्मान मोदी ने दिया है : देब

भाजपा प्रभारी ने सांघी में विकसित भारत संकल्प यात्रा में लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए कहा

मोदी सरकार की योजनाओं से हो रहा है विकसित भारत का निर्माण : बिप्लब देब

सिटी 24 न्यूज

चंडीगढ़। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के गढ़ में गरजे। बिप्लब देब ने हुड्डा के गांव सांघी में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा में उमड़ी भीड़ को संबोधित करते हुए कहा कि रोहतक की जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ही तीसरी बार भी प्रधानमंत्री देखना चाहती है। उन्होंने भूपेंद्र सिंह हुड्डा को घर में घेरा। श्री देब ने कहां कि हरियाणा की जनता को रोटी से पहले सम्मान चाहिए और प्रदेश की जनता को सम्मान केवल मोदी जी ने दिया है, राहुल गांधी और हुड्डा ने नहीं। भाजपा प्रदेश प्रभारी ने यात्रा में उमड़े सांघी गांव के लोगों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी तथा इनका लाभ उठाने का आह्वान भी किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा में रोहतक के सांसद अरविंद शर्मा, राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगडा आदि नेताओं ने भी मोदी-मनोहर सरकार की योजनाओं को जनता के सामने रखा। यात्रा में उपस्थित अन्य नेताओं और अधिकारियों के साथ यहां योजनाओं का लाभ देने के लिए लगी प्रदर्शनी का भी बिप्लब देब ने अवलोकन किया।

प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब ने कहा कि मोदी के नाम से ही इस ठिठुरती ठंड में नई उर्जा और जोश तथा गर्मी का संचार होता है, जबकि राहुल गांधी के नाम से ही मुर्छा सी छा जाती है। रोहतक के तीन दिवसीय प्रवास के पहले दिन गांव सांघी में अपने शानदार स्वागत से गदगद भाजपा प्रभारी ने कहा कि भूपेंद्र हुड्डा के शासनकाल में यहां 12-12 फूट के गड्ढे होते थे ताकि कोई दूसरी पार्टी के नेता यहां नहीं पहुंच सके। उन्होंने कहा कि हम भाजपा के कार्यकर्ता हैं, हमें यहां आने से कोई गड्ढा, नदी, नाला, पहाड़ नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस का शासन नहीं है, अब मोदी सरकार है और नागरिकों को अधिकार मांगने की जरूरत नहीं है। सभी लोगों को अधिकार स्वत: मिल रहे हैं। मोदी के विकास का रथ गांव-गांव जाकर पात्र लोगों को सुविधाएं दे रहा है।

प्रदेश प्रभारी बिप्लब देब ने कहा कि हरियाणा किसानों का प्रदेश है। हरियाणा दूसरे प्रदेशों को अनाज देता है। हरियाणा के लोगों को अगर कुछ चाहिए तो वह सम्मान चाहिए। उन्होंने सांघी गांव के लोगों से सवाल करते हुए कहा कि आप लोग बताएं कि आपको सम्मान पहले चाहिए या रोटी ?, जनता की तरफ से आवाज आई पहले सम्मान चाहिए। यह सुनकर बिप्लब कुमार देब ने कहा कि यह सम्मान आप लोगों को राहुल गांधी व हुड्डा नहीं, सिर्फ प्रधानमंत्री मोदी ही दिला सकते हैं। बिप्लब कुमार देब ने राहुल गांधी और भूपेंद्र सिंह हुड्डा को ललकारते हुए कहा कि सांघी गांव के लोगों को सम्मान चाहिए। हरियाणा के लोग रोटी कम खा लेंगे, लेकिन देश और प्रदेश के सम्मान को कम नहीं होने देंगे। प्रदेश प्रभारी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के प्रति जनता में जो सम्मान है उसी का परिणाम सांसद अरविंद शर्मा है, जिसे यहां की जनता ने आशीर्वाद देकर संसद में भेजा है, क्योंकि रोहतक की जनता चाहती है कि देश का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही रहे। बिप्लब देब ने कहा कि राहुल बाबा और हुड्डा साहब आप भी यहां की जनता की आवाज सुन लें अब यहां आप लोगों की कुछ नहीं चलने वाली। अब यहां पर प्रधानमंत्री मोदी के ही चलने वाली हैं, क्योंकि यहां अब सब मोदी जी के ही चाहने वाले हैं। राहुल गांधी पर तंज कसते हुए श्री देब ने कहा कि जब राहुल गांधी भाषण देते हैं तो वे कुछ भी बोल देते हैं, जनता का तो वे ध्यान नहीं रखते। जबकि भाजपा जनता की बात सुनने वाली पार्टी है। सांघी के मिले जबरदस्त आशीर्वाद से गदगद श्री देब ने कहा कि जैसे आप लोगों ने पिछली बार मोदी का साथ दिया वैसा ही साथ अब देना है। 2024 चुनाव में मोदी के साथ खड़े रहना है। भाजपा प्रदेश प्रभारी ने कहा कि साढ़े 9 सालों में मोदी-मनोहर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं ने गरीबों और वंचितों की संबल बनाया है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी की गाड़ी योजनाओं को शत प्रतिशत लोगों तक पहुंचाने के लिए निकली है। उपस्थित सांघी गांव के लोगों को विकसित भारत बनाने का संकल्प भी दिलाया।

कार्यक्रम में 87 वर्षीय बुजुर्ग का किया सम्मान

रोहतक के ग्राम सांघी में कार्यक्रम के दौरान मोदीजी की फिटनेस से प्रभावित एक 87 वर्षीय बुजुर्ग कार्यकर्ता की ऊर्जा, जोश और जुनून को देखकर बिप्लब देब गदगद हो गए। देब ने इन बुजुर्ग का पगड़ी पहनाकर सम्मान किया। बिप्लब देब ने कहा कि हमेशा कहता हूँ कि हरियाणा किसान, जवान और बलवानों की भूमि है। उनकी ये ऊर्जा युवाओं के लिए भी प्रेरणीय है। लोकसभा सांसद डॉ अरविंद शर्मा, राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा, पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल, जिला परिषद की चेयरपर्सन श्रीमती मंजू हुड्डा, भाजपा जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, प्रदेश सचिव रेनू डाबला, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य डॉ दिनेश घिलोड़, सीनियर डिप्टी मेयर राजकमल सहगल, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष सुनीता दांगी, जिला अध्यक्ष उषा शर्मा, हरिओम भाली, पार्षद सुरेश किराड, ब्लॉक समिति के अध्यक्ष सुनील, वॉइस चेयरमैन नीरज हुड्डा, मंडल अध्यक्ष सोनू दलाल, महामंत्री जय भगवान हुड्डा, धर्मपाल मकड़ौली, सूरजमल किलोई, शमशेर कालिंगा, प्रशांत रांगी, डॉ अशोक रंगा, बलबीर रंगा, रमेश बोहर व उदयभान आदि मौजूद थे।

22 जनवरी को राम नाम के 5 दीपक अवश्य जलाएं, दीपावली मनाएं : बोधराज सीकरी

समाजसेवी बोधराज सीकरी की अगुवाई में हनुमान चालीसा पाठ मुहिम उत्तरोत्तर अग्रसर, स्पर्श किया 5 लाख 24 हजार का आकंडा

सिटी 24 न्यूज

गुरुग्राम। बोधराज सीकरी की अगुवाई में कल दिनांक 9 जनवरी 2024 को हनुमान चालीसा पाठ श्री श्याम मंदिर, न्यू कॉलोनी के प्रांगण में हुआ, जिसकी आयोजक श्रीमती उषा गांधी जी, वयोवृद्ध माताजी रही। गजेंद्र गोसाई द्वारा मंगलाचरण उपरांत ओम की तीन बार ध्वनि की गई। पंडित भीमदत्त द्वारा शंख नाद समापन पर राम-राम नाम का 108 बार माला जाप किया गया। गोसाई जी ने मानव जन्म अनमोल रे के संपुट से सभी भक्तों को नचाया। इस मंदिर में पाँचवी बार पाठ किया गया। बोधराज सीकरी ने अपने संबोधन में रामायण का प्रसंग लिया जिसमें उन्होंने कुंभकर्ण और विभीषण के चरित्र का तुलनात्मक वर्णन किया। कि कैसे कुंभकर्ण को रावण का संग मिला और जीवन सो कर बिता दिया और कैसे विभीषण को हनुमान जी का संग मिला और जीवन संवार लिया। बोधराज सीकरी के अनुसार राम लक्ष्मण और सीता तीन लोग वन में गये और उन्हें भेजने में भी तीन लोग उत्तरदायित्व थे। केकई, मंथरा और दशरथ। दशरथ काम का प्रतीक है और राम धर्म का प्रतीक। जहां काम होगा वहाँ धर्म नहीं रहेगा। केकई मोह का प्रतीक है और सीता शांति का प्रतीक। जहां मोह होगा वहाँ शांति नहीं रहेगी। मंथरा लोभ का प्रतीक है और लक्ष्मण सेवा का प्रतीक हैं। जहाँ लोभ होगा वहाँ सेवक नहीं रह सकता।

बोधराज सीकरी ने 22 जनवरी के लिये सभी से आग्रह किया कि इसे उत्सव की भांति मनाएं। समय पर अपने नजदीकी के मंदिर में जाएं और दीपावली की भाँति आयोजन करें। शाम को पाँच दीपक जलाएं। दो दीपक घर के प्रांगण में दो दहलीज़ में और एक दीपक तुलसी के आगे। सीकरी जी ने फिर पाँच दीयों का महत्व भी बताया कि पाँच दीये ही क्यों। 28 जनवरी रविवार प्रात: 11 बजे दशहरा ग्राउंड न्यू कॉलोनी से भव्य शोभा यात्रा पंजाबी बिरादरी महा संगठन द्वारा रामलला के निमित्त निकाली जायेगी उसकी विस्तृत जानकारी भी दी और आग्रह किया कि सभी उसके साक्षी बनें। इस अवसर पर अश्वनी वर्मा, सुभाष ग्रोवर, रणधीर टंडन, जगदीश रखेजा, मदन सतीज़ा, तिलक चानना, सतपाल नासा, रमेश मुंजाल, रमेश कामरा, द्वारका नाथ मक्कड़, किशोरी लाल डुडेजा, राजिंदर बजाज, सुखदेव, युधिष्ठिर अलमादी, रुपेश चौधरी, तिरलोक गोसाई उपस्थित रहे। महिला मंडली से पुष्पा नासा, रचना बजाज, ज्योत्सना बजाज, सिमरन बजाज, गीता, पूनम गोसाई, कृष्ण कथूरिया, मीनाक्षी मुंजाल उपस्थित रहीं। कल श्री श्याम मंदिर में 150 साधकों द्वारा 21-21 बार पाठ किया गया। इसी प्रकार जनता रिहैबिलिटेशन सेंटर में पिछले कई मंगलवार से बोधराज सीकरी की अगुवाई में जो हनुमान चालीसा पाठ चल रहा है। वहां भी 40 विद्यार्थियों ने 21-21 बार पाठ किया। इसी प्रकार जामपुर शिव मंदिर ईस्ट ऑफ कैलाश में भी 25 साधकों ने 5-5 बार पाठ किया। विजय टन्डन और रणधीर टन्डन इनकी फैक्टरी वी.के.रब प्लास्ट के नाम से जानी जाती है। उनके वर्कर्स ने संकल्प लिया कि वो हर मंगलवार को फैक्ट्री में काम करने से पहले हनुमान चालीसा पाठ करेंगे। इस निमित्त वहां के 70 कर्मचारियों ने 2-2 बार पाठ किया। इसके अतिरिक्त पंजाबी बिरादरी महा संगठन की महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका श्रीमती ज्योत्सना बजाज ने मंगलवार के दिन जहां-जहां भी हनुमान चालीसा का पाठ हो रहा है। उसके अतिरिक्त जूम के माध्यम से लगभग 25 महिलाओं ने 11-11 बार पाठ किया। इससे पहले 182 स्थानों पर हनुमान चालीसा के 519,716 पाठ 37,301 साधकों ने किए थे। इस मंगलवार के पाठ को मिलाकर 187 स्थानों पर 37,611 साधकों द्वारा 524,246 हनुमान चालीसा पाठ हो चुके हैं।

22 जनवरी को गुरु द्रोण कीपावन धरा पर होगा सनातन हर्ष महोत्सव : जीएल शर्मा

अयोध्या में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर उत्साह और उल्लास से महोत्सव में झूमेगा गुरुग्राम

मकर संक्रांति को मंदिरों की सफाई के साथ गुड़गांव गांव के मंदिर में होगा महर्षि वाल्मीकि स्मरण समारोह

सिटी 24 न्यूज

गुरुग्राम। अयोध्या में 22 जनवरी को नवनिर्मित मंदिर में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर गुरु द्रोण की नगरी गुरुग्राम में सनातन हर्ष महोत्सव आयोजित किया जाएगा। इस महोत्सव में पुरा गुरुग्राम हर्ष और उल्लास के साथ अयोध्या में श्री रामलला के विराजमान होने की खुशी व्यक्त करेगा। हरियाणा डेयरी विकास सहकारी प्रसंघ के पूर्व चेयरमैन एवं हरियाणा भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि भव्य सनातन हर्ष महोत्सव सदर बाजार स्थित हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित किया जाएगा। यहां दर्शकों को बड़ी एलइडी स्क्रीन पर मंदिर उद्घाटन एवं श्री रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9:00 बजे सुंदरकांड पाठ के साथ होगी। पाठ उपरांत मंदिर उद्घाटन एवं प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण प्रसारित होगा। तत्पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया जाएगा।

जीएल शर्मा ने कहा कि राम किसी एक संप्रदाय, पंथ या धर्म के इष्ट नहीं है, बल्कि मानव जाति के लिए पूज्य हैं। 500 वर्षों की कड़ी तपस्या और त्याग के बाद अयोध्या में श्री राम लला विराजमान हो रहे हैं, सनातन के लिए इससे बड़ी खुशी कोई नहीं हो सकती। इसी खुशी में हिस्सेदारी के लिए गुरु द्रोण की धरा पर सनातन हर्ष महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने समस्त गुरुग्राम वासियों से इस कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान करते हुए कहा कि भगवान श्री राम की कृपा से ही यह सुनहरा अवसर हमें मिला है। निश्चित रूप से देश के एक एक नागरिक को इस खुशी में शामिल होना चाहिए।

मकर संक्रांति के दिन महर्षि वाल्मीकि स्मरण समारोह

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा ने कहा कि भगवान श्रीराम जी के साथ रामायण के रचयिता आदिकवि महर्षि वाल्मीकि जी को याद करना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति के दिन देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर मंदिरों और धर्म स्थलों की सफाई का कार्यक्रम तय किया गया है। शहर के विभिन्न मंदिरों में सफाई के साथ इसी दिन गुड़गांव गांव के महर्षि वाल्मीकि मंदिर में महर्षि वाल्मीकि स्मरण समारोह आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या नगरी में श्री राम मंदिर उद्घाटन से पहले महर्षि वाल्मीकि जी के नाम से भव्य इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन किया है। अपने समृद्ध अतीत और गौरवशाली संस्कृति को परिभाषित करने के लिए महर्षि वाल्मीकि जी का स्मरण अति आवश्यक है। अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर के निर्माण पर भाजपा और यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राजनीतिक प्रयासों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। भारतीय जनता पार्टी के कुछ संकल्प रहे। जिनमें अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण भी महत्वपूर्ण संकल्प है। आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री, 140 करोड़ भारतीयों के कमल दिनकर नरेंद्र भाई मोदी जी ने इस संकल्प को पूरा किया है। 500 साल के बाद अयोध्या नगरी में भगवान श्री राम का भव्य एवं नव्य मंदिर बनकर तैयार है। 22 जनवरी को मंदिर में राम लला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा होगी। सर्व सनातन यानी पूरा हिंदू समाज सदैव महर्षि वाल्मीकि जी का ऋणी रहेगा क्योंकि उन्होंने ही भगवान राम के लौकिक रूप से समस्त मानव जाति को रूबरू कराया। इसलिए जब-जब भी भगवान श्री राम का नाम लिया जाता है, महर्षि वाल्मीकि को भी स्मरण किया जाता है। यही कारण है कि अयोध्या में बने श्री राम मंदिर के मंदिर के प्रवेश पर ही महर्षि वाल्मीकि जी का भी मंदिर बनाया गया है।

संघर्ष करते-करते कंगाल व कर्जदार हो गए जयहिन्द

जनता की लड़ाई लड़ने के लिए भामाशाह व दानवीरों की जरूरत

पहरावर में 2 करोड़ की घोषणा में से मुझे नही मिले 2 रूपए भी : जयहिन्द

हजारों करोड़ रूपए लेकर बैठी राजनीतिक पार्टियां किस मुंह से जनता से मांग रही है पैसे : जयहिन्द

सिटी 24 न्यूज

रोहतक। बीते बुधवार जयहिन्द सेना के सुप्रीमो नवीन जयहिन्द ने अपने टैंट में प्रेसवार्ता कर बताया कि हम संघर्ष करते करते कंगाल व कर्जदार हो चुके है और जनता की लड़ाई लड़ने के लिए दानवीरो व भामाशाह की जरूरत है। इसके लिए आने वाली 14 जनवरी दोपहर 12 बजे मकर सक्रांति के दिन स्टेडियम के सामने खुले आसमान के नीचे टैंट में एक भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमे तन/मन/धन से साथ देने वाले सभी दानवीर भामाशाह का न्योता है।

नवीन जयहिन्द ने जयहिन्द सेना का ल्क्रकोड जारी करते हुए कहा की हम पिछले 7 दिनों से टैंट में रह रहे है और हमारे पास जनता की लड़ाई लड़ने के जितने साधन व संसाधन थे सभी खत्म हो चुके है, तो 21 रुपए से लेकर जितना भी दान अपनी श्रद्धासमान दे सकते है।

जयहिन्द 14 जनवरी से 11 दिनों के लिए यह मुहीम चलाएंगे। जो भी दान देने वाले साथी है वे ल्क्र कोड स्कैन करके या भंडारे में आकर दान दे सकते है। जयहिन्द ने कहा की 100 करोड़ से लेकर हजारों करोड़ रुपए पैसों का भंडार राजनीतिक पार्टियों के पास है, फिर भी लोगो से पैसे मांगती है। और हम अपना घर बनवाने के लिए पैसे नही मांग रहे बल्कि हम जो जनता की लड़ाई लड़ रहे है सिर्फ उसके लिए पैसे मांग रहे है। तो जिस भी साथी ने पहले मदद की है और जो साथ अब मदद कर सकता है उनका धन्यवाद व न्योता है। जयहिन्द ने बताया कि लोगो में यह अफवाह फैली हुई है की पहरावर में जयहिन्द को 2 करोड़ों रुपए का दान मिला है, लेकिन जयहिन्द को उनमें से 2 रुपए भी नही मिले। और वह घोषणा जयहिन्द के लिए नही बल्कि परशुराम मन्दिर के लिए हुई थी।

सब कुछ देखकर और सुनकर भी गूंगी-बहरी बनी हुई है सरकार : कुमारी सैलजा

पटवारियों की हड़ताल से राजस्व विभाग में कामकाज ठप, फाइलों के लगे हुए हैं ढेर

सरकार को हो रहा है रोजाना करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान, क्या चाहती है सरकार

सिटी 24 न्यूज

चंडीगढ़, 10 जनवरी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस कमेटी की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष और उत्तराखंड की प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश में अपने हकों के लिए लोग आवाज उठा रहे है, धरना, प्रदर्शन और हड़ताल कर रहे है बावजूद इसके सरकार सब कुछ देखकर और सुनकर भी गूंगी बहरी बनी हुई है, ऐसी सरकार को सत्ता में बने रहने का कोई हक नहीं हैं। आए दिन मांगों को लेकर किसान, कर्मचारी, डॉक्टरों हड़ताल होती रहती है और अब प्रदेश के पटवारी और कानूनगो मांगों को लेकर हड़ताल पर है पर सरकार अब भी कानों में मेल डालकर बैठी हुई है, इस हड़ताल से राजस्व विभाग में सारे कामकाज ठप है टेबल पर फाइलों के ढेर लगे हुए हैं। सरकार रोजाना करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान को हो रहा है आखिर यह सरकार चाहती क्या है, ऐसी तानाशाह सरकार को इस बार जनता बाहर का रास्ता दिखाकर रहेगी।

मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा है कि सरकार का काम आम जनता को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करना होता है, उनकी समस्याओं का समाधान करना होता है, उनकी मांगों पर सहानुभूति पूर्वक गंभीरता से विचार करना होता है, जनता के हकों की रक्षा करना भी सरकार का ही दायित्व होता है, अगर सरकार ही जनता के हकों पर डाका डालने लगे तो समझो देश में लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा है। प्रदेश की तानाशाह गठबंधन सरकार दमनकारी नीतियों के सहारे जनता को दबाना चाहती हैं। वह किसी की आवाज सुनने को तैयार नहीं है। प्रदेश के हालात रोम जल रहा है और नीरो बंशी बजा रहा है जैसे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर वर्ग हर व्यक्ति अपने हकों के लिए चीख रहा है पर सरकार कुछ भी सुनने को तैयार नहीं है, इतना ही नहीं ज्यादा जोर से चीखने वालों पर लाठियां बरसाई जाती है। इस तानाशाह सरकार से हर व्यक्ति परेशान है। सरकार जनता की सेवा के लिए बनी है अपनों की सेवा के लिए नहीं। किसान और कर्मचारी जब भी अपने हकों के लिए आवाज उठाते है उनका शोषण और उत्पीड़न शुरू हो जाता है।

उन्होंने कहा है कि प्रदेश में पटवारी और कानूनगो जायज मांगों को लेकर हड़ताल पर है, सरकार को कम से कम उनकी बात सुनने के लिए आगे आना चाहिए पर सरकार के पास अभी तक हड़तालियों से मिलने का समय तक नहीं हैं। इस हड़ताल के चलते प्रदेश में करीब 10 हजार रजिस्ट्री और करीब सवा लाख फाइलें पेंडिंग पड़ी है। प्रदेश के 17 जिलों में 10 हजार रजिस्ट्री और 35 हजार इंतकाल के लिए भटकना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि अगर सरकार वार्ता के लिए आगे नहीं आई तो यह हड़ताल और लंबी चल सकती है अगर ऐसा हुआ तो राजस्व विभाग में सारे काम पूरी तरह से ठप हो जाएंगे। हड़ताली कहते है कि मुख्यमंत्री ने जनवरी 2023 में पटवारियों का वेतनमान बढ़ाने की घोषणा की थी बाद में इस बारे में अधिसूचना जारी हुई थी पर कोई फायदा नहीं हुआ। यानि सरकार की अपनी ही घोषणाओं पर काम नहीं हो रहा है या ब्यूरोक्रेसी पर सरकार की पकड़ नहीं हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को अपनी हठधर्मिता छोडकर लोगों की बातें सुननी चाहिए अगर सरकार ने जनता को अनसुना किया तो यही जनता आने वाले चुनाव में सरकार को सत्ता से बाहर कर देगी, जनता यही सोचकर सरकार को सबक सिखाने के लिए चुनाव का प्रतीक्षा कर रही है।

श्रमिकों का जीवन स्तर उठाने में पीएम विश्वकर्मा योजना लाभकारी : एडीसी रेनू सोगन

पीएम-विश्वकर्मा योजना में 18 हस्त व्यवसायों को किया शामिल

पीएम-विश्वकर्मा योजना से दस्तकारों के जीवन स्तर में होगा सुधार

सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां

नूंह। सरकार द्वारा श्रमिकों का जीवन स्तर ऊंचा उठाने के लिए पीएम-विश्वकर्मा योजना शुरू की गई है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य दस्तकारों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाना है। इस योजना से गांवों और शहरों के उन कुशल कारीगरों पर ध्यान केंद्रित किया जाता है, जो अपने हाथों से काम करके अपना जीवनयापन करते हैं। इस योजना में 18 हस्त व्यवसायों को शामिल किया गया है।

अतिरिक्त उपायुक्त रेनू सोगन ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकारी सेवा में कार्यरत व्यक्ति और उनके परिवार इस योजना के पात्र नहीं होंगे। उन्होंने बताया कि पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत, कारीगरों और शिल्पकारों को पीएम विश्वकर्मा प्रमाण-पत्र और पहचान-पत्र के माध्यम से मान्यता प्रदान की जाएगी। इस योजना के तहत पांच प्रतिशत की रियायती ब्याज दर के साथ एक लाख रुपये (पहली किश्त) और दो लाख रुपये (दूसरी किस्त) तक ऋण सहायता प्रदान की जाएगी। इस योजना के तहत कौशल उन्नयन, टूलकिट प्रोत्साहन, डिजिटल लेन-देन के लिए प्रोत्साहन और विपणन सहायता प्रदान की जाएगी। इस

योजना के लागू होने से श्रमिकों के बच्चों को मिलने वाली सहायता में भी वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि इस योजना में नाव बनाना, शस्त्राकार, लुहार, हथौड़ा व लोहे के औजार बनाना, ताला बनाना, सुनार, कुंभकार, मूर्तिकार, मोची, राजमिस्त्री, टोकरी, सुथार, चटाई बनाना, गुडिया व खिलौने बनाना, बारबर, धोबी, दर्जी और मछली पकडने के जाल बनाने का काम शामिल है। इस योजना में विभिन्न व्यवसायों से जुड़े दस्तकारों को प्रशिक्षण, टूल किट व बैंक लोन की सुविधा प्रदान की जाएगी। योजना में कारीगरों को पहले पीएम विश्वकर्मा.जीओवी.इन पोर्टल पर पंजीकरण करवाना होगा।

अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि पीएम-विश्वकर्मा योजना में 18 हस्त व्यवसायों को शामिल किया गया है। इस योजना में विभिन्न व्यवसायों से जुड़े दस्तकारों को प्रशिक्षण, टूल किट व बैंक लोन की सुविधा प्रदान की जाएगी। पंजीकरण के बाद इन कारीगरों को जिला में स्थापित किए गए कौशल विकास केंद्रों में पांच दिन की ट्रेनिंग करवाई जाएगी और टूल किट खरीदने के लिए 15 हजार रुपए का अनुदान दिया जाएगा। उन्होंने कारीगरों का आह्वान किया कि वे पंजीकरण के लिए निकटतम सामान्य सेवा केंद्रों और अटल सेवा केंद्रों से संपर्क करते हुए योजना का लाभ उठाएं।

पीएम-विश्वकर्मा योजना से श्रमिकों के बच्चों को इस प्रकार मिलता है लाभ

अतिरिक्त उपायुक्त रेनू सोगन ने बताया कि पीएम-विश्वकर्मा योजना के तहत श्रमिक की बेटी के लिए जो कॉलेज जाती है, उसको इलेक्ट्रिक स्कूटी के लिए 50 हजार रूपए तथा श्रमिक को साइकिल खरीदने के लिए पांच हजार रुपए दिए जाएंगे। इसी प्रकार से महिला श्रमिक को सिलाई मशीन खरीदने के लिए 4500 रुपए, श्रमिक के स्कूल जाने वाले बच्चों को 9,10वीं तथा आईटीआई व डिप्लोमा के छात्र को 10 हजार रुपए दिए जाएंगे। 11वीं व 12वीं के छात्र को 12 हजार रुपए दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि बीए करने वाले विद्यार्थियों, पॉलिटेक्निक, डिप्लोमा, सीए, एएनएम, जीएनएम, अंडर ग्रेजुएट डिप्लोमा, पर छात्र को 15 हजार रुपए लाभ दिया जाएगा। फार्मेसी व इंजीनियरिंग डिग्री वाले छात्र को 20 हजार रूपए तथा एमबीबीएस, बीएएमएस व बीडीएस करने वाले छात्र-छात्रा को 21 हजार रुपए वार्षिक लाभ इस योजना के तहत दिया जाता है।

सरकार का विरोध करने वालों नेताओं पर ईडी कर रही है कार्रवाई : अर्जुन सिंह चौटाला

आगामी 21 जनवरी को होने वाले कैथल में कार्यक्रम का भी दिया निमंत्रण

युवा इनेलो नेता ने सरकार पर साधा निशान

सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां

नूंह। बुधवार को अनाज मंडी स्थित इनेलो कार्यालय में जिला के कार्यकर्ताओं की एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य अतिथि इनेलो के युवा प्रदेश के नेता अर्जुन चौटाला पहुंचे। इस मौके पर भारी संख्या में पहुंचे युवाओं को संबोधित करते हुए युवा इनेलो नेता अर्जुन सिंह चौटाला ने प्रदेश सरकार पर जमकर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा लोगों को बेवजह परेशान किया जा रहा है एक व्यक्ति से बिना वजह कई आईडी ली जा रही है। आज सरकार के पास कोई विजन नहीं है इसके चलते प्रदेश के हर वर्ग के लोग परेशान हैं। इस दौरान उन्होंने मेवात जिले के युवाओं को आगामी 21 जनवरी को कैथल जिले में होने वाले युवाओं के सम्मेलन के लिए निमंत्रण दिया उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में प्रदेश के कौन-कौन से युवा भारी संख्या में पहुंच रहे है है। उन्होंने कहा कि मेवात पूर्व से इनेलो का गढ़ रहा

है उन्हें पूरा भरोसा है मेवात जिले से हजारों की संख्या में युवा इस कार्यक्रम में पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश आज विकास के क्षेत्र में लगातार पीछे रहा है आज प्रदेश के युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है प्रदेश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी फैल रही है उन्होंने कहा कि प्रदेश ने 9 साल में विकास के लिए कुछ नहीं दिया है भाजपा सिर्फ जनता के साथ झूठे वादे और लोगों को आपस में लड़ने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि चौधरी ओमप्रकाश चौटाला ने पूर्व से मेवात को अपना घर समझा है और एक घर को बेहतर बनाने के लिए जिस तरह कार्य किए जाते हैं ओम प्रकाश चौटाला ने मेवात में काम किया चाहे जिला बनाने की बात हो चाहे अन्य विकास कार्य एक बात हो मेवात को कभी भी पिछड़ने नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि आज जहां कहीं पर भी भाजपा सरकार का विरोध होता है वहीं पर सरकार द्वारा ईडी को इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन भाई सरकार से डरने वाले नहीं है समय आने पर सरकार को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा और हर तरह से मुकाबला किया जाएगा। इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक हबीबुर रहमान, इनेलो के कार्यकारी जिला अध्यक्ष हाजी सोहराब खान, जिला अध्यक्ष हाजी सुभान खान सिंगारिया, हलका अध्यक्ष हाजी इब्राहिम खान, सलीम असद घासेड़ा, ओसामा घासेड़ा, जैकम खान चंदेनी, खेल प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष जावेद मालब, इमरान सरपंच खेड़ी, युवा नेता मजलिस खान, किसान नेता आजाद खान खेड़ी, कायम ठेकेदार दिहाना, एजाज मालब, अबरार मालब, अकबर कोराली, युवा जिला अध्यक्ष इरफान कुरैशी, नासिर दिहाना, नजीर रानीका के अलावा सैकड़ो की संख्या में युवा मौजूद रहे।

हाजी सोहराब खान का बढ़ाया मान :

इस दौरान युवा इनेलो नेता अर्जुन सिंह चौटाला ने इनेलो के कार्यकारी जिला अध्यक्ष हाजी सोहराब खान के घर पहुंच कर उनका मान बढ़ाया। इस दौरान उन्होंने अपनी टीम के साथ हाजी सोहराब के खान के घर पर खाना खाया। इस दौरान भी मेवात के काफी मुद्दों पर इनेलो नेता हाजी सोहराब खान ने अर्जुन सिंह चौटाला से चर्चा की।

इस दौरान अर्जुन सिंह चौटाला तावडू क्षेत्र के अलावा नूंह विधानसभा में चल रहे किसानों के धरना स्थल पर भी पहुंचे। हाजी सोहराब खान ने बारीकी से किसानों की समस्याओं को अर्जुन सिंह चौटाला को अवगत कराया। जिस पर अर्जुन सिंह चौटाला ने विश्वास दिलाया कि जल्द ही इस बारे में उच्च अधिकारियों से बात कर किसानों की समस्याओं का समाधान कराया जाएगा किसानों के साथ किसी प्रकार का अत्याचार नहीं होने दिया जाएगा।

नूँह में कांग्रेस को लगा बड़ा झटका, धाँधूका के सरपंच सहित 80 प्रतिशत गाँव भाजपा में शामिल

धाँधूका गाँव हुआ भाजपामय, चौधरी ज़ाकिर हुसैन के नेतृत्व में पूरे गाँव ने दिया भाजपा को समर्थन

भाजपा नेता चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने प्रमुख लोगों को पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया

सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां

नूंह। बुधवार को नूँह में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। नूँह विधानसभा के गाँव धाँधूका में गाँव के सरपंच हुकम सिंह सहित लगभग पूरा गाँव कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गया। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हरियाणा वक्फ़ बोर्ड के प्रशासक चौधरी ज़ाकिर हुसैन पूर्व विधायक के नेतृत्व में सभी ग्रामवासियों जिनमें प्रमुख रूप से गाँव के सरपंच हुकम सिंह, हाजी इलियास, रिजवान खान, हबीब, इसराईल खान, किशन लाल, बलबीर नंबरदार, चंदगीराम, अख्तर हुसैन, हसनू, हाजी दलशेर, गंगालाल, हारून जाकिर, लखमीचंद, डॉश रविन्द्र, सुनील, विजय, अमित, सरोज, आफताब, साहिल, अरबाज, राजू, अरसद, विक्रम, राशिद, जितेन्द्र, मौलाना रुकमुद्दीन, दीनू, जिले सिंह, महावीर, राजपाल, विजय, श्रीचंद आदि ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा ज्वाईन की। चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने पार्टी का पटका पहनाकर सभी ग्रामवासियों का स्वागत किया। इस अवसर पर ग्राम धांधूका की समस्त सरदारी की तरफ से चौधरी ज़ाकिर हुसैन को पगड़ी बाँधकर सम्मानित भी किया गया। चौधरी ज़ाकिर हुसैन पूर्व विधायक ने कहा कि भाजपा में सभी को पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा।

उन्होंने कांग्रेस व कांग्रेसी विधायक आफताब अहमद पर भी जमकर हमला बोला। कांग्रेसी विधायक ने हमेशा झूठ, फरेब और लोगों को बरगलाने की राजनीति की है। नूँह विधानसभा के लोगों को अब उनकी असलियत के बारे में जानकारी हो गई है। बड़ी-बड़ी बातें करने वाली कांग्रेस पार्टी व उनके नेता जमीनी स्तर पर विकास के मामले में जीरो हैं। पिछले 70 वर्षों से कांग्रेस मेवात क्षेत्र के साथ सौतेला व्यवहार करती आई है। पिछले 9 वर्षों में हरियाणा के यशस्वी मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश के साथ-साथ मेवात क्षेत्र ने हर क्षेत्र में तेजी से विकास किया है। आज मेवात क्षेत्र के युवाओं को लगातार सरकारी नौकरियाँ दी जा रही हैं। बड़ी-बड़ी योजनाएँ मेवात क्षेत्र को दी गई हैं। जितना विकास मेवात क्षेत्र ने इन 9 वर्षों में किया है उतना कांग्रेस 70 वर्षों में भी नहीं करा पाई। आज लोग कांग्रेस के झूठ को समझ चुके हैं और भाजपा में अपना विश्वास जता रहे हैं। आज समस्त गाँव धाँधूका ने भाजपा में विश्वास जताया है। सभी ग्रामवासियों का भाजपा में पूरा सम्मान दिया जाएगा। इस अवसर पर अल्ली प्रधान अड़बर, जमील सरपंच टाँईं, वकील सरपंच टेरकपुर, जाकिर सरपंच टेरकपुर, इमरान सरपंच घासेड़ा, हाजी शौकत हुसैनपुर, तौफीक टपकन आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

सत्य भारती स्कूल के छात्रों के लिए कैंपस प्लेसमैंट शिविर आयोजित

महेंद्रगढ,रेवाडी व झज्जर जिलों के 15 स्कूलों के 33 छात्रों ने दिया ऑनलाईन साक्षात्कार

सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित

कनीना। सत्य भारती स्कूल में पढकर जा चुके विद्यार्थियों के लिए बुधवार को मोहनपुर नांगल विद्यालय में कैंपस प्लेसमैंट शिविर का आयेजन किया गया। जिसमें महेंद्रगढ, रेवाड़ी व झज्जर जिलों के 15 स्कूलों के 33 पूर्व छात्रों ने भाग लिया।

भारती फाऊंडेशन के जिला समन्यवक रामकिशोर यादव ने बताया कि सत्य भारती स्कूल से शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन रोजगार साक्षात्कार प्रक्रिया पूरी की गई। छात्रों ने वायरमैन, फील्ड ऑफिसर व मैनेजर पद के लिए साक्षात्कार दिया। यह साक्षात्कार योग्यता और कौशल आधार पर पूरा किया गया। परिणामस्वरूप उन्हें अपनी सहायक कम्पनियों में रोजगार का अवसर प्राप्त हुआ। सत्य भारती स्कूल के क्लस्टर कोऑर्डिनेटर त्रिवेदी शर्मा, महेंद्र यादव, राजेश कुमार ने साक्षात्कार के दौरान छात्रों को तकनिकी सहायता प्रदान की। त्रिवेदी शर्मा ने कहा कि भारती फाउंडेशन की ओर से युवाओं को उच्च शिक्षा के साथ-साथ समाज में सशक्त बनाने का संकल्प किया है। भविष्य में इसी तरह के प्लेसमैंट शिविर आयोजित करने की उम्मीद है। सत्य भारती स्कूल और भारती फाउंडेशन की साझेदारी से विद्यार्थियों को अच्छी शिक्षा और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने पर ध्यान दिया जा रहा है।

राष्ट्रीय राजमार्ग पर कट छोडने की मांग को लेकर ग्रामीणों का धरना जारी

सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित

कनीना। राष्ट्रीय राजमार्ग 152डी पर सेहलंग-बाघोत के बीच वाहनों के प्रवेश मार्ग बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों द्वारा शुरू किया गया अनिश्चितकालीन धरना बुधवार को 304वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता लक्ष्मण सिंह सेहलंग ने की।

उन्होंने कहा कि पिछले 10 माह से जारी धरने को लेकर सरकार की ओर से कट बनाने का आश्वासन मिला लेकिन कार्य शुरू नहीं किया गया। प्रदेश के डिप्टी सीएम ने भी धरना स्थल पर आकर जल्द निर्माण कार्य करवाने का आश्वासन दिया था। धरना संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय सिंह ने बताया कि कडाके की ठंड एवं धुंध-कोहरे के बीच बिमार हालत में ग्रामीण धरना देने पर मजबूर हैं। सरकार धरना स्थल पर बैठे ग्रामीणों की मांग को अनदेखा कर रही है। उन्होंने कहा कि जब तक कट का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो जाता तब तक उनका धरना जारी रहेगा। इस मौके पर सूबेदार सुखबीर सिंह, रणधीर सिंह, नरेंद्र शास्त्री छितरोली, हरिओम पोता, बेड़ा सिंह,धर्मपाल सिंह, विजयपाल, मुंशी राम, सूबे सिंह,बाबूलाल, रघुवीर, सीताराम, रमेश कुमार, मांगेराम, हेमराज, वीरेंद्र सिंह, सुबेसिंह, रामकुमार, दाताराम, रामभगत, प्यारेलाल, वेदप्रकाश, शेर सिंह हाजिर थे।

शहर थाना पुलिस ने वर्ष 2019 के मारपीट मामले में अदालत द्वारा पीओ घोषित आरोपी को किया गिरफ्तार

सिटी 24 न्यूज/ऋषि भारद्वाज

पलवल। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ अंशु सिंगला के निर्देशन में जिला पुलिस द्वारा PO एवं बेल जंपर आरोपियों की धरपकड़ के बारे में अभियान चलाया हुआ है। इसी अभियान के मद्देनजर शहर थाना पुलिस ने वर्ष 2019 के मारपीट मामले में जमानत उपरांत निर्धारित तारीखों पर ना पहुंच कर अदालत द्वारा उद्घोषित अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थाना शहर प्रभारी राजेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया की हथीन गेट चौकी हथीन गेट प्रभारी सहायक कुलदीप सिंह के नेतृत्व में टीम गस्त सोहना रोड पर उपस्थित थी और मुखबिर द्वारा सूचना मिली की मीट मार्केट न्यू कृष्णा कालोनी,ओल्ड सोहना रोड,पलवल निवासी एक युवक जो मुकदमा नम्बर 485 दिनांक 18-09-2019 धारा 323,324,34 IPC थाना शहर पलवल में माननीय अदालत से जमानत उपरांत गैर हाजिर होने के कारण PO घोषित हो गया है जो न्यू कृष्णा कालोनी मीट मार्केट पलवल में पीर बाबा के स्थान के पास बैठा हुआ है। सूचना पर टीम ने तुरंत दबिश देकर युवक उपरोक्त को काबू किया। माननीय अदालत के आदेशो की अवहेलना करने पर आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 174 ए के तहत एक अन्य मामला दर्ज किया गया। आरोपी को आज पेश अदालत किया जाएगा।

हिंदू संगठन श्रीराम मंदिर की खुशी में 14 को करेगें शोभायात्रा का आयोजन

सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित

कनीना। आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर में आयोजित होने वाले विशाल समारोह को लेकर 14 जनवरी मकर सक्रांति के अवसर पर क्षेत्र के हिंदू संगठनों की ओर से अटेली से कनीना की बूचावास स्थित मंहत लक्ष्मणगिरी गौशाला तक तक विशाल शोभा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। सचिन शर्मा भोजावास तथा धनुष शर्मा ने बताया कि ये यात्रा सुबह सवा 9 बजे वाहनों के माध्यम से अटेली के राधा कृष्णा मंदिर से प्रारंभ होगी जो महासर,रात कलां, भोजावास, कनीना होते हुए मंहत लक्ष्मणगिरी विकलांग गौशाला बूचावास पंहुचेगी। उन्होंने कहा कि इस पर्व को लेकर ग्रामीणों में दीपावली जैसा उत्साह है। जो ग्रामीण अयोध्या नहीं जा सकते वे अपने घरों में दीपक जलाएं ओर उत्सव मनाएं।

हरिद्वार के लिए भेजा 118 क्विंटल गेहूं व 3 क्विटंल मेथीदाना

सिटी 24 न्यूज/सुनील दीक्षित

कनीना। शांतिकुंज हरिद्वार से जुडे गायत्री परिवार की ओर से 118 क्विंटल गेहूं तथा 3 क्विंटल मेथी दाना रवाना किया है। इस बारे में एमएम पारीक ने बताया कि गायत्री परिवार रींगस एवं श्रीमाधोपुर की ओर से शांतिकुंज में प्रतिवर्ष अन्न भेजा जाता है। इस वर्ष भी बुधवार सुबह श्रधालुओं की ओर से अन्न वाहन को हरिद्वार भेजा गया है।

उन्होंने कहा कि शांतिकुंज के प्रति धर्म प्रमियों की अगाध आस्था जुडी हुई है।

मीडिया वैलबीग एसोसिएशन द्वारा हस्पताल में उपचाराधीन पत्रकार अनिल कुमार को एक लाख की राशि की प्रदान

एमवडब्ल्यूबी कानूनी प्रकोष्ठ पत्रकारों को मुफ्त कानूनी सहायता देगा : अशोक कौशिक

सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर

हथीन। मीडिया वैलबीग एसोसिएशन उत्तर भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर धरनी, कोषाध्यक्ष तरण कपूर व संयुक्त सचिव पवन चोपड़ा ने एसोसिएशन के अंबाला के वरिष्ठ पत्रकार अनिल कुमार को 1 लाख रुपए का चेक दिया। अनिल कुमार पिछले लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे हैं। जिनकी किडनी ट्रांसप्लांट होगी और सप्ताह में तीन बार इनका डायलिसिस भी होता है। इसके अलावा अनिल मोहनिया नूँह जिला के पत्रकार को 30 हजार रुपए, रेवाड़ी के पत्रकार नरेंद्र की धर्मपत्नी की मेजर सर्जरी होने पर 25 हजार रुपए दिए गए हैं। संस्था द्वारा इससे पहले भी लगभग 8 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अन्य पत्रकार साथियों की समय-समय पर की जा चुकी है। संस्था के कोषाध्यक्ष तरण कपूर ने बताया कि मीडिया वैलबीग संगठन की ओर से हरियाणा के पत्रकारों को मुफ्त कानूनी सहायता उपलब्ध कराने के लिए कानूनी प्रकोष्ठ का गठन भी किया गया है। कानूनी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एडवोकेट अशोक कौशिक (पानीपत) है। इस कानूनी प्रकोष्ठ में नवीन जागलन, सुशील कौशिक पंजाब एंड हरियाणा उच्च न्यायालय भी शामिल है। इसके अलावा कानूनी प्रकोष्ठ मे अधिवक्ता सुखविंदर नारा, जगदीप घणघस, संजीव इत्यादि भी शामिल किए गए हैं। कानूनी प्रकोष्ठ गठन करने का मुख्य उद्देश्य पत्रकार साथियों को किसी भी दिक्कत आने पर कानूनी सलाह देना है। एम डब्ल्यु बी कानूनी प्रकोष्ठ के चैयरमैन अशोक कौशिक ने कहा कि उनकी 11 सदस्यी कानूनी प्रकोष्ठ द्वारा हरियाणा में पत्रकारों को हर तरह की मुफ्त कानूनी मदद दी जाती है।

मीडिया वेलबिंग एसोशिएशन के कोषाध्यक्ष तरण कपूर ने बताया कि वीरवार 11 जनवरी को मैग पाई (हरियाणा टूरिज्म) में होने संस्था के प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम होगा। जिसमें मुख्यातिथि हरियाणा के परिवहन, उच्च शिक्षा व खनन मंत्री मूलचंद शर्मा, समारोह के अध्यक्ष हरियाणा सरकार में राज्य मंत्री-संदीप सिंह, विशेष आमंत्रित अतिथि पूर्व मंत्री विपुल गोयल, कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि नयनपाल रावत (विधायक), सीमा त्रिखा (विधायक), मुख्य वक्ता राजीव जेटली (मीडिया एडवायजर सी एम हरियाणा), सुदेश कटारिया (चीफ मीडिया क्वार्डिनेटर, हरियाणा सरकार, चंडीगढ़), प्रवीण अत्रेय (मीडिया सेकेट्री हरियाणा सरकार) व ज्ञानेंद्र भरतरिया वरिष्ठ पत्रकार दिल्ली होंगे। इस आयोजन में चैयरमैन वेलकम कमेटी-ज्योति संग, वरिष्ठ पत्रकार-लेखक-साहित्यकार रहेंगे।

धूमधाम से स्थापित किया श्रीराम अन्न कलश

सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर

हथीन। कैलाश अपार्टमेंट में वर्षों के इंतजार के बाद आने वाली खुशी को प्रदर्शित करते हुए 22 जनवरी को अयोध्या श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के लिए 'राम अन्न कलश' की स्थापना की। अपार्टमेंट के सभी निवासियों का यह कदम भारतीय सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व को बढ़ावा देने वाला है। कार्यक्रम संयोजक पलवल डोनर्स क्लब के मुख्य संयोजक विकास मित्तल और सह संयोजक अल्पना मित्तल ने सभी को अयोध्या के श्री राम मंदिर की मुर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की बधाई देते हुए बताया कि यह कलश भगवान श्रीराम के नाम में अन्न की प्राप्ति और वितरण की ऊर्जा को साझा करने का यह एक अद्वितीय कदम है, जिससे हम अपने सांस्कृतिक और धार्मिक कर्तव्यों का पालन कर रहे हैं। अन्न दान करते हुए अभी भक्त जनों ने मिलकर बहुत ही सुन्दर राम भजन गा कर वातावरण को और भी भक्तिमय बना दिया।

इस कार्यक्रम में कैलाश अपार्टमेन्ट के सभी निवासियों ने बहुत ही उत्साह से भाग लिया जिसमे ब्रजभुषण शर्मा, ओमकार मंगला, अधिवक्ता लखपत सिंह, महेन्द्र वर्मा, देवेन्द्र जैन, राकेश जैन, बिजेन्द्र सिंगला, डा. परवेश अग्रवाल, जगदीश सरदाना, डा. राम स्वरुप बजाज, सुरेश शर्मा, इन्द्रा राव, चन्द्र वधवा, धीरज वधवा,सन्नी, सचिन जैन, सुरेन्द्र जैन, सतीश गुप्ता, रेखा, सरोज वधवा, राजलक्ष्मी, मीनू, सुरेश बजाज, मोनिका सिंगला, नीता सिंह, सुमन, अंशिका, अदीति, उषा, सपना, अंजली, मीना, राधा , साक्षी, मीना जिंदल, पुष्पा जैन, नीलम चुटानी, रेणु, कविता, रीना, आशा शर्मा ने इस मुहिम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया ।

राष्ट्र निर्माण एवं नशा मुक्त समाज की स्थापना हेतू नशा तस्करों के बारे में निसंकोच होकर पुलिस को दें सूचना : एसपी डॉ अंशु सिंगला

एसपी का युवाओं से आह्वान, नशे से दूर रहकर शिक्षा तथा खेलों से नाता जोड़े

सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर

हथीन। देशभर में चल रहे नशा मुक्त भारत अभियान मे भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील करते हुए एसपी डॉ अंशु सिंगला ने कहा कि सभी युवा अपनी ऊर्जा शिक्षा तथा खेलों में लगाएं तथा बेहतर प्रतिभा का प्रदर्शन कर अपने मां-बाप के सपनों को साकार कर अपने इलाके का नाम रोशन करें। नशे के खिलाफ चलाए जा रही मुहिम में आमजन आगे आकर अग्रणी भूमिका निभाए तथा और अधिक भागीदारी सुनिश्चित करें ताकि नशा को समाज से पूरी तरह से नष्ट किया जा सके। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिला पुलिस सभी गांवो में युवाओं को खेल गतिविधियों से जोड़ेगी तथा समूचे जिले में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं का आयोजन करवाकर युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिला भर में युवाओं को खेलों से जोड़ने के लिए पुलिस जवान लगातार गांव दर गांव जाकर युवाओं के साथ खेल गतिविधियों में भाग लेकर उन्हें नशे से दूर रहने का संदेश दे रहे हैं, जो काफी सार्थक साबित हो रहा है। उन्होंने बताया कि जिला पुलिस नशे के खिलाफ लगातार विशेष अभियान चलाए हुए हैं और ओर इसी मुहिम के तहत युवाओं तथा आम लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करने के लिए लगातार सेमिनार व गोष्ठियों तथा खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस अभियान के तहत पुलिस जिला पलवल की ओर से सभी गांवो में ग्राम पंचायतो के सहयोग से खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया जा रहा है, ताकि युवा पथ भ्रष्ट होकर नशे की और अग्रसर ना हो सके। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नशा समाज के लिए एक गंभीर चुनौती है, और इस चुनौती से निपटने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को आगे आकर अग्रणी भूमिका निभानी होगी। पुलिस अधीक्षक ने इस अवसर पर युवाओं तथा ग्रामीणों को संबोधित करता हुए कहा कि नशे के खिलाफ चलाए जा रहे सामाजिक आंदोलन में बढ़-चढ़कर भाग ले। उन्होंने कहा कि नशा बेचने वालों की असली जगह जेल में है, इसलिए नशे का कारोबार करने वालों की सूचना नि:संकोच होकर पुलिस को दें, पुलिस प्रशासन की ओर से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मां-बाप अपने बच्चों की दैनिक गतिविधियों पर पैनी नजर रखें तथा अपने बच्चों को नशे से दूर रहकर शिक्षा तथा खेलकूद की गतिविधियों में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें।

पुलिस ने करीब एक दर्जन संगीन वारदातों में वांछित बदमाश को दबोचा

सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर

हथीन। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के गांव बिछौर निवासी व चोरी, लुट, डकैती, लड़ाई-झगड़ा, गौकशी, हत्या के प्रयास व हत्या सहित करीब एक दर्जन अन्य संगीन वारदातों में वांछित आरोपी को निरीक्षक मलखान सिंह प्रबंधक थाना बिछौर के नेतृत्व में गठित टीम ने काबू किया है। जिसकी पहचान वसीम पुत्र खुस्सी उर्फ खुर्शीद निवासी बिछौर के रूप में हुई है।

आगे जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2022 मार्च में लूटपाट करने की नियत से नवीन पुत्र प्रवीन निवासी पन्हेड़ा, विजय उर्फ भूरा पुत्र हुकम सिंह जिला फरीदाबाद ने आबिद, मौसम उर्फ डोजर, हसीम उर्फ बैडा निवासीयान बिछोर व अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर अपने दोस्त अंकित पुत्र सतपाल निवासी गांव मोहना जिला फरीदाबाद से दस हजार रुपये व

अन्य सामान लूटपाट करने के दौरान नीमका और बिछौर के बीच उसके साथ मारपीट कर चोट पहुंचाकर उसकी हत्या कर दी।

पुलिस ने मृतक के पिता सतपाल के बयान पर उपरोक्त सभी आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत थाना बिछौर में मुकदमा दर्ज किया। मामलें से सम्बंधित पूर्व में कुछ गिरफ्तारियां की गई लेकिन आरोपी वसीम उपरोक्त अब तक अपनी गिरफ्तारी से बचता रहा। जिसे बीते मंगलवार को पुलिस ने एक ठिकाने से धर-दबोचा। प्रथम पुछताछ पर आरोपी ने उपरोक्त वारदात के अतिरिक्त चोरी, लुट, डकैती, लड़ाई-झगड़ा, गौकशी, हत्या के प्रयास सहित करीब एक दर्जन अन्य संगीन वारदातों को थाना बिछौर में अंजाम देना कबूल किया। आरोपी को आज नियमानुसार अदालत में पेश कर और अधिक गहनता से पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा।

लाइफ स्किल फन कैंप का आयोजन

सिटी 24 न्यूज/रोबिन माथुर

हथीन। हथीन उपमंडल के ऐतिहासिक गांव बहीन स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में समग्र शिक्षा अभियान के तहत चल रहे लाइफ सकिल फन कैंप के तीसरे दिन डाक्टर मुकेश कुमारी ने आत्म विश्वास, व्यक्तित्व जागरूकता आदि सकिल सिखाए। वहीं सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक शाखा प्रबंधक यतेंद्र शेखावत ने आनलाइन ठगी, बचत योजनाएं और बैंक से लेन देन व बैंक की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके अतिरिक्त सविता देवी ने छात्राओं को विभिन्न प्रकार के व्यंजनों को बनाने की विधि बताई। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं को प्रभावी वार्तालाप करने स्टेप बताए गए। कैंप प्रभारी जागतराज ने बताया कि जो कोशल छात्राएं सीख रही हैं,अंतिम पांचवें दिन प्रदर्शनी के माध्यम से दिखाया जाएगा। इस अवसर पर एसएमसी प्रधान मंगल सिंह, भगत सिंह, सर्वजीत सतवीर, सुरेंद्र सिंह, शेर सिंह, जवाहर सिंह रावत, मुकेश कुमार, लवकुश रावत पहाड़ी आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अपनी महती भूमिका निभाएं नागरिक : जान मोहम्मद

खंड नगीना के गांव गोहाना में आयोजित कार्यक्रम में जिला परिषद चेयरमैन ने ग्रामीणों को दिलाई विकसित भारत की शपथ

गांवों में पहुंचने पर 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' जनसंवाद का किया जा रहा जोरदार स्वागत

सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां

नूंह। जिला परिषद के चेयरमैन जान मोहम्मद ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति का विकास ही केंद्र और प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी नागरिक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अपनी महती भूमिका निभाए। हमेशा भाईचारे को बरकरार रखे। छोटे-मोटे मतभेद भुलाकर समाज व राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य करने का संकल्प लें। जिला परिषद चेयरमैन जान मोहम्मद खंड नगीना के गांव गोहना में विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर जिला परिषद चेयरमैन जान मोहम्मद ने कहा कि 'विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद' पूरे देश में सरकार की प्रमुख योजनाओं की संपूर्ण पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है जिसका आमजन प्रभावी रूप से लाभ उठा रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की लाभार्थियों को गैस किट प्रदान की। जिले के विभिन्न गांव नामत: तावडू खंड कलवारी, पापढा, इंडरी के गांव रोजका मेव पुन्हाना हथगांव, नहेदा व पिनगवां खंड के गांव मोहलाका, व फिरोजपुर - झिरका भाकरोजी में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद' कार्यक्रमों के दौरान जिन लोगों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है, वे 'मोदी की गारंटी वैन' के पास आकर 'अपनी जुबानी अपनी कहानी' सुनाकर सरकार की योजनाओं की सराहना कर रहे हैं। जो लोग गांव में आवास, शौचालय, रसोई गैस सिलिंडर, नि:शुल्क राशन, किसान सम्मान निधि, आयुष्मान बीमा जैसी किसी भी योजना से अब तक किन्हीं कारणों से वंचित रह गए हैं, उन्हें वैन के पास आयोजित कार्यक्रम में मौके पर ही योजनाओं का लाभ देकर लाभानवित किया जा रहा है।

सूचना जनसंपर्क विभाग के कलाकारों ने धरती कहे पुकार के नामक गीत की शानदार प्रस्तुति दी,जिसे ग्रामीणों ने खूब सराहा। इस अवसर पर गांव के सरपंच अरशद, मुस्ताक, रहीश सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

मोदी की गारंटी वैन से हो रहा है देश का चहुंमुखी विकास : जाकिर हुसैन

विकसित भारत-संकल्प यात्रा के तहत गांव धांधुका में आयोजित कार्यक्रम

सिटी 24 न्यूज/अनिल मोहनियां

नूंह। विकसित भारत-संकल्प यात्रा बुधवार को नूंह विधानसभा के गांव धांधुका में आयोजित हुई, जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हरियाणा वक्फ बोर्ड के प्रशासक जाकिर हुसैन रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम नूंह अश्वनी कुमार ने की। मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम में उपस्थित गांववासियों को विकसित भारत बनाने की शपथ दिलाई तथा संकल्प यात्रा में लगी सभी विभागों की स्टालों का अवलोकन किया व ड्रोन से खेती करने की नई तकनीक का निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर धांधुका के सरपंच हुकम सिंह, पूर्व पंचायत अधिकारी हाजी मद्दीन, अल्ली प्रधान अडबर, जमील सरपंच टाईं, मास्टर असरफ टाईं, वकील सरपंच टेरकपुर, जाकिर सरपंच टेरकपुर व ग्राम सचिव सुंदर सिंह मौजूद रहे। जाकिर हुसैन ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है तथा देश लगातार तेजी से तरक्की कर रहा है। मोदी की गारंटी वाली वैन से देश व प्रदेश का चहुंमुखी विकास हो रहा है। भारत बहुत जल्द नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित देशों की सूची में आने वाला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने योजनाओं को घर-घर व आम जन तक पंहुचाने के लिए विकसित भारत यात्रा चलाई है। इस योजना से आमजन को फायदा पहुंच रहा है। इस अवसर पर उन्होंने उज्ज्वला योजना से वंचित महिलाओं को गैस कनेक्शन भी मौके दिए गए तथा ग्रामवासियों को प्रॉपर्टी कार्ड सौंपे। इस दौरान आधार कार्ड, वोटिंग कार्ड, आयुष्मान कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पेंशन, पशु व छोटे व्यापार संबंधी ऋणों के बारे में बताया गया। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के लोक कलाकारों ने रागनियों के माध्यम से सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया व ग्रामीणों को प्रचान सामग्री व नववर्ष के कैलेंडर वितरित किए।

सिटी 24 न्यूज

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक नवल सिंह द्वारा कहकशा ग्राफिक्स, 1501, गली कासिम जान, लाल कुआं, दिल्ली-110006 से मुद्रित करवाकर कार्यालय 273/3, मैजनाइन फ्लोर, मंटोला, पहाड़गंज (नई दिल्ली)-110055 से प्रकाशित एवं प्रसारित। समाचार में प्रकाशित सभी लेखों, विचारों एवं समाचारों से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। इसके लिए लेखक ही स्वयं जिम्मेदार होगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का निपटारा केवल दिल्ली न्यायालय में ही मान्य होगा। मो. नं. 08826598195, ई-मेल: city24newsroom@gmail.com

प्रत्येक बूथ पर बूथ समिति एवं पन्ना प्रमुख की संरचना कर बूथ को करें मजबूत : राज वोहरा

नवनियुक्त जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में भाजपा जिला फ़रीदाबाद की संगठनात्मक बैठक हुई संपन्न

सिटी 24 न्यूज

फरीदाबाद। भाजपा कार्यकर्ता सम्पर्क, संवाद और अपनी सकारात्मक कार्य पद्धति के ज़रिए संगठन की मोर्चाबंदी को मजबूत करें। मेरा बूथ सबसे मजबूत मूल मंत्र को आधार बनाकर चुनावों के मद्देनजऱ प्रत्येक बूथ पर बूथ समिति एवं पन्ना प्रमुख की संरचना कर बूथ को मज़बूत करने का कार्य करें । भाजपा फरीदाबाद जिला कार्यालय 'अटल कमल' पर भाजपा जिला फरीदाबाद की संगठनात्मक बैठक में नवनियुक्त जि़ला अध्यक्ष राज वोहरा ने यह कहा। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष राज वोहरा की अध्यक्षता में जिला पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की पहली बैठक संपन्न हुई । बैठक में जिला महामंत्री मूलचंद मित्तल व आर. एन. सिंह,लोकसभा विस्तारक कर्मवीर यादव, भगवान सिंह, राजबाला सरधाना, नरेश नम्बरदार व लाजर रंजीत सेन और जिले के पदाधिकारी और भाजपा मंडल अध्यक्ष, महामंत्री मुख्य तौर पर उपस्थित रहे।

जिला अध्यक्ष ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत हुए कार्यकर्मों पर समीक्षा की और संगठनात्मक विषयों पर महत्वपूर्ण चर्चा की। उन्होंने संगठनात्मक वृत्त लिया और संगठन के आगामी कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की । वोहरा ने आगे कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा की 12 जनवरी कुरुक्षेत्र में नव मतदाता सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा जिसमे मुख्यमंत्री मनोहर लाल जी

मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे 7 फरीदाबाद से 1000 के करीब नव मतदाता भाग लेंगे और इसके लिए भाजपा युवा मोर्चा को जिम्मेदारी दी गई । 22 जनवरी को अयोध्या धाम में भगवान श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के निमित रामसेवक के रूप में घर घर अक्षत और निमंत्रण पंहुचाना, 14 जनवरी से मंदिर स्वच्छता अभियान में भाग लेना और 22 जनवरी के शुभ अवसर पर अपने अपने क्षेत्र में मंदिरों में होने वाले आयोजन में लोगों को जोडना एवं 22 जनवरी को भगवान श्रीराम जी की पूजा अर्चना कर धूमधाम से दीपोत्सव मनाना 7 जि़ले के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए वोहरा ने कहा कि 9 साल के विकास कार्यों और जनहितकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाकर और विकसित भारत संकल्प यात्रा से उनको जोडक़र ज़्यादा से ज़्यादा लोगों को लाभ दिलायें।

उन्होंने सभी मंडल अध्यक्षों को कहा कि हर बूथ पर भाजपा कार्यकर्त्ता नमो ऐप्प से जुड़ें और लोगों को भी नमो ऐप्प से जोड़ें,मन की बात कार्यक्रम महीने के अंतिम रविवार को हर बूथ पर मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम को सुना जाए और कार्यकर्ताओं के साथ जनता को भी जोड़ें 7 बैठक में जिला उपाध्यक्ष मान सिंह, अनिल नागर, पंकज रामपाल, लखमी भारद्वाज, जिला सचिव हरेन्द्र भडाना, मुकेश अग्रवाल, पुनीता झा, भारती भाकुनी, रविन्द्र त्यागी, जिला कोषाध्यक्ष राजन मुथरेजा, जिला मिडिया प्रभारी विनोद गुप्ता, आई टी संयोजक अमित मिश्रा, कार्यालय सचिव सचिन गुप्ता, जिला सह मिडिया प्रभारी राज मदान , सचेत जैन, प्रिया सहगल, हिमांशु मिश्रा, मंडलों के अध्यक्ष सचिन शर्मा, नीरज मित्तल, अमित आहूजा, हरीश धनखड़, पवन चौधरी, भूपेन्द्र रावत, राकेश शर्मा, सतेन्द्र पाण्डेय, संजीव सोम, संदीप भड़ाना, लक्ष्यवर्धन सिंह, कविन्द्र चौधरी, गिर्राज त्यागी, वीरेन्द्र यादव, अनुराग गर्ग, युवा मोर्चे के महामंत्री गोल्डी अरोड़ा व सचिन ठाकुर, युवा मोर्चा जिला पदाधिकारी व मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे ।

बिट्टू बजरंगी के घर पहुंचे मुख्यमंत्री मनोहर लाल, मृतक के परिजनों से की मुलाकात

सिटी 24 न्यूज

फरीदाबाद। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल नूंह हिंसा के आरोपी और गौ रक्षा फोर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिट्टू बजरंगी के घर उनके भाई महेश पांचाल की मौत के बाद श्रद्धांजलि देने पहुंचे। जहां पर उन्होंने बिट्टू बजरंगी और उनके परिवार को ढांढस बंधाते हुए महेश पांचाल को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर उनके साथ कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, फरीदाबाद के विधायक नरेंद्र सहित अन्य नेतागण व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे। परिवार को सांत्वना और स्वर्गीय महेश पांचाल को श्रद्धांजलि देने के बाद मनोहर लाल सेक्टर-12 ग्रीवेंस कमेटी की मीटिंग के लिए रवाना हो गए। बता दें, 13 दिसंबर की रात बिट्टू के भाई महेश को किसी ने आग लगा दी थी। सोमवार रात को दिल्ली एम्स में महेश की मौत हो गई थी। इसे लेकर बिट्टू और उसके स्वजन एवं समर्थकों में रोष है। मंगलवार को तनाव के बीच महेश के शव का

अंतिम संस्कार किया गया था। बिट्टू बजरंगी का नाम नूंह उपद्रवियों के आरोपितों के खिलाफ आवाज उठाने वाले प्रकरण में उछला था। पुलिस ने बिट्टू बजरंगी को गिरफ्तार भी किया था। बिट्टू बजरंगी के भाई महेश की एक महीना पहले कुछ लोगों ने आग लगा दी थी। आरोप है कि कुछ लोगों ने महेश पर पेट्रोल छिडक़कर आग लगा दी थी। इस घटना को नूंह उपद्रव से जोडक़र ही देखा जा रहा है। मामले में एक आरोपी को नामजद बनाया गया है। उसका पॉलीग्राफ टेस्ट किया जाएगा।

श्री सिद्धदाता आश्रम ने ईएसआई प्रबंधन को सौंपे कंबल

जगदगुरु स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य महाराज के निर्देश पर पहुंचे आश्रम के स्वयंसेवक

सिटी 24 न्यूज

फरीदाबाद। श्री सिद्धदाता आश्रम के अधिष्ठाता जगदगुरु रामानुजाचार्य स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य महाराज के निर्देश पर स्वयंसेवकों ने एनआईटी तीन स्थित ईएसआई अस्पताल प्रबंधन को सर्दियों से बचाव के लिए कंबल सौंपे जिनका इस्तेमाल मरीजों एवं उनके परिजनों को सर्दियों से बचाने के लिए किया जाएगा। आश्रम के स्वयंसेवकों ने ईएसआई अस्पताल प्रबंधन से मुलाकात की और उन्हें 50 कंबल सौंपे और भविष्य में भी सहयोग जारी रखने की बात कही।

इस अवसर पर अस्पताल के एमएस डायरेक्टर प्रोफेसर डॉ एके पांडे एवं डिप्टी एमएस डॉ निशा रजनी ने यह कंबल प्राप्त किए और गुरु महाराज का धन्यवाद कहा। उन्होंने कहा कि दीन दुखियों की सेवा सबसे बड़ा धर्म है और आश्रम इस काम को बड़े लंबे समय से करता आ रहा है। इस अवसर पर आश्रम के सेवा प्रमुख ज्ञानेंद्र शर्मा ने कहा कि जनहित सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आश्रम एवं सभी सेवाओं का संचालन किया जाता है। इसके तहत हम गुरु महाराज के निर्देश पर अनेक जगहों पर दान, सेवा, सत्संग आदि के आयोजन करते हैं। जिसमें स्थानीय लोगों एवं प्रशासन से भी भरपूर प्रशंसा प्राप्त होती है। उन्होंने बताया कि आज एक बार फिर हमने गुरु महाराज से कंबल प्रसाद रूप में प्राप्त किए और यहां ईएसआई प्रबंधन को दिए हैं। जिनका प्रयोग यह अपनी जरूरत के हिसाब से जरूरतमंदों के बीच करेंगे। हम इससे पहले भी इस अस्पताल में चैरिटी करते रहे हैं और आगे भी समयानुसार यह प्रकल्प चलेंगे। इस अवसर पर आश्रम के प्रबंधक मिथलेश राय, नवल किशोर शर्मा, मदन, अनिल, रॉबिन प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

कानूनी रूप से घरेलु हिंसा अधिनियम 2005 के तहत है कानूनी प्रक्रिया : आनंद शर्मा

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

सिटी 24 न्यूज

फरीदाबाद। डीसी विक्रम सिंह के कुशल मार्गदर्शन में आज बुधवार को अतिरिक्त उपायुक्त डॉ0 आनंद शर्मा की अध्यक्षता में बेटी बचाओ-बेटी पढाओ योजना के अंतर्गत जिला की सभी आंगनवाडी कार्यकर्ताओं का हुड्डा कन्वेंशन सेंटर, सेक्टर-12 में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें अतिरिक्त उपायुक्त आनन्द शर्मा ने जिला के लिंगानुपात की स्थिति में सुधार लाने के लिए आंगनवाडी कार्यकर्ताओं को गर्भवती महिलाओं का गर्भावस्था के तीन माह के भीतर आंगनवाडी केंद्र पर पंजीकरण करने बारे आदेश दिए। वहीं जिन गर्भवती महिलाओं के पास पहले एक या एक से अधिक बच्चियां हैं। उन महिलाओं को लगातार गृह भ्रमण करते हुए परामर्श देने बारे सुझाव दिए गए। एडीसी आनन्द शर्मा ने फरीदाबाद-ग्रामीण व बल्लभगढ़-ग्रामीण क्षेत्रों का लिंगानुपात कम होनेपर चिंता जाहिर की। वहीं उन्होंने जिला में हो रहे गर्भपात को रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाने के लिए आह्वाहन किया। दोनों ब्लाकों में एनएनएम्रहरू/तथा आशा वर्कर के साथ मिलकर सभी गर्भवती महिलाओं का रिकॉर्ड अपडेट करने बारे जागरूकता अभियान चलाने बारे भी दिशा निर्देश दिए। कार्यशाला में महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी डाक्टर मंजु श्योराण ने बताया कि जिला के 1294 आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को केंद्र- प्रदेश सरकार को योजनाओं का लाभ देने के लिए समय पर पंजीकरण करवाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि म्हारी लाडो म्हारी शान थीम के साथ बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना के अंतर्गत नवविवाहित दम्पतियों तथा एक लडक़ी के माता-पिता की पहचान कर उनके साथ संवाद स्थापित किया जाये। उन्हें लडक़ा-लडक़ी में भेदभाव न करने बारे प्रेरित किया जाये।

संरक्षण अधिकारी एवं बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी हेमा कौशिक ने उपस्थित महिलाओं को सभी घरेलु हिंसा एवम बाल विवाह एक्ट के बारे में अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि किसी भी महिला को घरेलु हिंसा से सम्बंधित किसी तरह की कोई परेशानी है। तो वह संरक्षण अधिकारी से महिला थाना सेक्टर-16 में आकर मिल सकती है। क़ानूनी रूप से घरेलु हिंसा अधिनियम 2005 के तहत जो क़ानूनी प्रक्रिया है। उसमे संरक्षण अधिकारी की मदद ले सकती है। संरक्षण अधिकारी ने आंगनवाडी कार्यकर्ताओं से अनुरोध किया कि अपने आस पास उन्हें किसी भी बच्चे के बाल विवाह कि जानकारी मिलती है। तब वे बिना देरी के संरक्षण अधिकारी को सुचना देना सुनिश्चित करें। जिला संयोजक गीतिका ने सभी आंगनवाडी कार्यकर्ताओं को समय पर सही रिपोर्ट भरने एवं कार्यालय में भेजने बारे कहा। वहीं महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी सुशीला सिंह ने आये हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग की सभी सुपरवाइजर उपस्थित रहीं।

विकसित भारत 2047 पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

सिटी 24 न्यूज

फरीदाबाद। भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय के तहत नेहरू युवा केंद्र फरीदाबाद के सौजन्य से मेरा भारत विकसित भारत ञ्च2047 विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन देश के प्रत्येक जिले में किया जा रहा है। जिसमें जिले के 15 से 29 आयु वर्ग के युवा भाग ले रहे है। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतियोगिता का आयोजन जज्बा फाउंडेशन के सहयोग से राजकीय महाविद्यालय खेड़ी गुजरान फरीदाबाद में किया गया।

जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य डॉ सुनील शर्मा एवं जिला युवा अधिकारी प्रियंका ने किया। कार्यक्रम का संचालन जज्बा फाउंडेशन के चेयरमैन हिमांशु भट्ट ने और निर्णायक मंडल में डॉ राजेश कुमार, डॉ सुधा, डॉ राजेश कुमारी रहे। भाषण प्रतियोगिता में नैना ने प्रथम, पंकज उपाध्याय ने द्वितीय एवं हिमिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए नेहरू युवा केन्द्र संगठन फरीदाबाद की जिला युवा अधिकारी प्रियंका ने बताया प्रत्येक प्रतिभागीयो द्वारा हिंदी, अंग्रेजी भाषा में अधिकतम 5 मिनट के समय का भाषण प्रस्तुत किये गए।

प्रतिभागी के भाषण का मूल्यांकन 3 विशेषज्ञ न्यायाधीशों द्वारा किया गया है। जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को राज्य स्तर पर भाषण प्रतियोगिता में शामिल होने का अवसर मिलेगा। राज्य स्तर पर क्रमश: 1 लाख, 50 हजार व 25-25 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुनील शर्मा जी ने कहा कि युवा ही देश की तस्वीर और तकदीर बदल सकते हैं। युवाओं के कंधों पर देश का भार है युवा अपने कार्य कुशलता एवं प्रतिभा से इस देश को आगे ले जाने का काम कर रहा है। जज्बा फाउंडेशन के चेयरमैन हिमांशु भट्ट ने कहा कि नेहरू युवा केंद्र विभाग द्वारा ग्रामीण व शहरी स्तर के युवाओं को उचित प्लेटफार्म उपलब्ध कराया जा रहा है जो कि उनको अपने क्षेत्र का नाम राज्य से लेकर देश तक रोशन करने का मौका दे रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय प्रशासन के साथ साथ राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई हृस्स् के स्वयंसेवकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

स्वामी विवेकानंद जयंती पर कोराली स्थित योग व्यायामशाला में राज्य स्तरीय सूर्य नमस्कार कार्यक्रम : डीसी विक्रम सिंह

सिटी 24 न्यूज

फरीदाबाद। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि आजादी के अमृत काल में सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष में हरियाणा योग आयोग व आयुष विभाग फरीदाबाद द्वारा इस वर्ष जिला फरीदाबाद के ग्राम कोराली स्थित योग व्यायामशाला मे राज्य स्तरीय सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह का आयोजन किया जाएगा।

इसी कड़ी में राज्य स्तरीय सूर्यनमस्कार कार्यक्रम के बेहतर क्रियान्वयन के लिए जिला आयुर्वेदिक अधिकारी ने तैयारी का जायजा लेने के लिए बैठक आयोजित की गई। जिसमें सदस्य हरियाणा योग आयोग,जिला योग कोऑर्डिनेटर,जिला योग विशेषज्ञ, पतंजलि योग समिति,भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, जय बाबा बर्फानी युग निर्माण मंच, मिशन जागृति पतंजलि किसान सेवा समिति के प्रतिनिधि सम्मिलित हुए।

जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ मंजु ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस राज्य स्तरीय सूर्य नमस्कार के तहत हरियाणा योग आयोग के अध्यक्ष डॉ जयदीप आर्य की विशेष उपस्थिति में दिनांक 12.1.2024 को प्रात: 9:30 बजे योग सहायक, स्कूल के छात्र छात्राएं, जनसाधारण को सूर्य नमस्कार करवाया जाएगा। जिसकी तैयारी के लिए विभिन्न अधिकारी एवं योग संस्थाओं की ड्यूटी निर्धारित कर दी गई है। जिसके कार्यक्रम भव्य तरीके से आयोजित किया जा सके।

इनकी होगी विशेष भागीदारी:

जिला आयुष अधिकारी डॉक्टर मंजू ने बताया कि हरियाणा योग आयोग,जिला आयुष योग, योग विशेषज्ञ, पतंजलि योग समिति, भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, जय बाबा बर्फानी युग निर्माण मंच, मिशन जागृति पतंजलि, किसान सेवा समिति सहित विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा विशेष रूप से भागीदार बनाया जाएगा।

दिव्या पाहुजा हत्याकांड : संदिग्धों व शव की जानकारी देने पर 50 हजार रुपयों का ईनाम घोषित

दिव्या पाहुजा हत्याकांड संलिप्त वांछितों के लुक आउट सर्कुलर जारी

बीती 3 जनवरी को दिव्या पाहुजा की गुरुग्राम के होटल में हत्या की मिली सूचना

बलराज सिंह गिल व रवि बंगा भी इस सनसनी हत्याकांड में संलिप्त रहे

सिटी 24 न्यूज

गुरुग्राम। बीती 03 जनवरी को थाना सैक्टर-14, गुरुग्राम में एक सूचना होटल सिटी प्वाइंट नजदीक बस स्टैंड, गुरुग्राम में किसी महिला की हत्या होने के संबंध में प्राप्त हुई। सूचना पाकर थाना सैक्टर-14, गुरुग्राम की पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची जहां पर ज्ञात हुआ की होटल में दिव्या निवासी बलदेव नगर, गुरुग्राम उम्र-27 वर्ष की हत्या कर बॉडी को ठिकाने लगाने के लिए कहीं बाहर ले जाया गया है। मृतिका की बहन की शिकायत पर थाना सैक्टर-14, गुरुग्राम में संबंधित धाराओं के तहत अभियोग अंकित किया गया व गुरुग्राम पुलिस द्वारा अभियोग में तत्परता से कार्यवाही करते हुए हत्या करने वाले मुख्य आरोपी अभिजीत सहित हेमराज, ओमप्रकाश व मेघा नामक युवती को गिरफ्तार किया गया था।

जिला पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त अभियोग के अनुसन्धान के दौरान ज्ञात हुआ कि उपरोक्त अभियोग में दिव्या पाहुजा (मृतक) की हत्या करने की वारदात को अंजाम देने में बलराज सिंह गिल निवासी सैक्टर-5, पंचकूला व रवि बंगा निवासी गुरुद्वारा रोड मॉडल टाउन, हिसार भी संलिप्त रहे है। जिनकी गिरफ्तारी के लिए गुरुग्राम पुलिस की क्राइम ब्रांच की 6 टीमों द्वारा हर सम्भव प्रयास किए जा रहे है।

गुरुग्राम पुलिस द्वारा उपरोक्त दोनों वांछित आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए विभिन्न टीमें लगाई गई है। गुरुग्राम पुलिस द्वारा उपरोक्त दोनों वांछितों के बारे में सूचना देने वाले को हरियाणा पुलिस की तरफ़ से 50-50 हजार रुपयों का ईनाम देने की घोषणा की गई है। सूचना देने वाले का नाम व पहचान पूर्णत: गुप्त रखी जाएगी। उपरोक्त दोनों वांछित अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए हर प्रयास कर रहे है और ये गिरफ्तारी से बचने के लिए विदेश भी भाग सकते है, इसलिए गुरुग्राम पुलिस दोनों वांछितों के लुक आउट सर्कुलर खुलवाया गए है ताकि दोनों आरोपी देश छोड़कर विदेश ना भाग सके। उपरोक्त अभियोग में मृतिका (दिव्या पाहुजा) का शव अभी तक बरामद नहीं हो पाया है, इसलिए गुरुग्राम पुलिस द्वारा मृतिका के शव के बारे में सूचना देने वाले को भी 50 हजार रुपयों का ईनाम देने की घोषणा की है।

सूचना गुरुग्राम पुलिस के निम्नलिखित नंबरों पर दी जा सकती है:

1. 9999981812 एसीपी क्राइम गुरुग्राम हरियाणा 2. 9205892118 एस एच ओ सेक्टर 14 पुलिस स्टेशन गुरुग्राम हरियाणा. 3. 9205892124 क्राइम ब्रांच सेक्टर 17 गुरुग्राम हरियाणा।